दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। शनिवार 25 मई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 225 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## विक्रम मावी हत्याकांड में 50 हजार का ईनामी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, अब तक चार पकड़े

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी बॉर्डर इलाके में शुक्रवार सुबह पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। इसमें 50 हजार रुपए का इनामी बदमाश टिंकू गोली लगने से घायल हो गया, जो विक्रम मावी हत्याकांड में शामिल था। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद की है।




### दिल्ली भागने की फिराक में था हत्यारोपी

करंट क्राइम : अंकुर विहार सर्किल के एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया, शुक्रवार तड़के मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि 11 मई को हुए विक्रम मावी हत्याकांड का आरोपी बदमाश टीलामोड की तरफ से मंडोली के रास्ते दिल्ली भागने की फिराक में था।

इस सूचना पर थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने सेवाधाम चौकी से आगे वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक मोटरसाइकिल पर आ रहे संदिग्ध को टॉर्च की रोशनीदिखाकर रोकने का प्रयास किया।

संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर हड़बड़ा कर वापस बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद बदमाशइस सूचना पर थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने सेवाधाम चौकी से आगे वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक मोटरसाइकिल पर आ रहे संदिग्ध को टॉर्च की रोशनी दिखाकर रोकने का प्रयास किया।

### वारदात के वक्त साथ था टिंकू

करंट क्राइम : घायल बदमाश ने अपना नाम टिंकू उर्फ हेमंत निवासी राधा विहार थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद बताया। टिंकू ने बताया-11 मई को उसने साथियों संग मिलकर विक्रम मावी की हत्या की थी। टिंकू पर पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि गुरुवार को हुई मुठभेड़ में टिंकू का साथी पकड़ा गया था, जबकि टिंकू भाग निकला था। इस हत्याकांड के कई आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं।

## चुनाव का छठा चरण आज
## 58 संसदीय सीटों पर होगा मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज 58 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस, झारखंड की चार, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा।




छठे चरण में राजनीतिक गलियारे के कई प्रमुख नेताओं की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र प्रधान, मेनका गांधी, मनोहर लाल खट्टर, संबित पात्रा, बांसुरी स्वराज और मनोज तिवारी हैं।

कांग्रेस की ओर से दीपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैल्जा, राज बब्बर और कन्हैया कुमार हैं। इस चरण में समाजवादी पार्टी के नेता धर्मेंद्र यादव और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग ने संसदीय क्षेत्रों में सुचारू और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की है। मतदान केंद्रों पर छाया, पीने के पानी, रैंप, शौचालय, व्हीलचेयर से लेकर बिजली तक की बुनियादी सुविधाएं दी गई हैं जिससे बुजुर्ग और दिव्यांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सकें। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को गर्मी की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है। मतदान क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना से बचने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

## जालंधर रैली में बोले मोदी पंजाब की प्रगति मेरी गारंटी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जालंधर के पीएपी मैदान में पहुंचे। उनके आते ही पंडाल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। केसरिया पगड़ी पहनकर आए मोदी ने पंजाबी में अपना संबोधन शुरू किया।



दीनानगर की ही तरह जालंधर में भी मोदी के निशाने पर कांग्रेस ही रही। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चहेते इतिहासकारों से जो इतिहास की किताबें लिखवाईं, उसमें दो परिवारों का जिक्र रहा- एक अपने परिवार का और दूसरा मुगल परिवारों का... नतीजा ये हुआ है कि देश की कितनी ही पीढ़ियां हमारे साहिबजादों के बलिदान से सही से परिचित ही नहीं हो पाईं। कांग्रेस को लगता था कि साहिबजादों की बात करेंगे तो वोटबैंक नाराज हो सकता है।

**उपलब्धियां गिनवाई :** अपनी उपलब्धियां गिनवाते हुए मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर बनवाया। हमने दर्शन करने, शीश नवाने के लिए रास्ता खोला। पहले हरमंदिर साहिब में विदेशों से चंदे पर रोक थी। वो रोक हमने हटाई। हमारी सरकार ने गुरुओं के प्रकाश पर्व को पूरी श्रद्धा से देश-विदेश में मनाया।

पीएम ने कहा कि पंजाब हमारे भारत की पहचान है, ये हमारे गुरुओं की पवित्र भूमि है, लेकिन कांग्रेस ने पंजाब को कभी भी जमीन के टुकड़े से ज्यादा माना नहीं। कांग्रेस ने 1947 में अपने परिवार को सत्ता दिलाने के लिए पंजाब को बांट दिया। हमारा करतारपुर साहिब, देश की सीमा के ठीक बगल में है, लेकिन कांग्रेस ने उसे पाकिस्तान को सौंप दिया था।

## कब भरे जाएंगे शहर की टूटी सड़कों के गड्ढे, नगर निगम के अभियान का कब दिखेगा असर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों नगर निगम द्वारा शहर की टूटी सड़कों के पुराने गड्ढों को भरने के लिए नगर निगम द्वारा अभियान चलाया गया था। अभियान के तहत अलग-अलग जोन और प्रमुख इलाकों पर सड़क में जो गड्ढे हैं उनको भरने के लिए टीमों को प्रतिदिन रवाना किया जाता है।

साथ ही जहां की शिकायत मिलती है, वहां तत्काल गाड़ी गड्ढे भरने का अभियान चल रहा है। इन सबके बावजूद अभी भी शहर में तमाम जगह ऐसी है जहां सड़क पर गड्ढे बने हुए हैं। **दैनिक करंट क्राइम** की टीम ने शुक्रवार को कई इलाकों का दौरा किया जहां पर अभी भी सड़क पर स्थित गड्ढों वाली बनी हुई है।

### इन स्थानों पर कब होगा सुधार

करंट क्राइम : शहर में एमएमजी अस्पताल के सामने कावड़ यात्रा को लेकर जब गड्ढे किए गए थे वह अभी तक नहीं भरे गए हैं। वही नेहरू नगर में गाजियाबाद पब्लिक स्कूल के सामने वाली सड़क का भी यही हाल है। इसके साथ ही एप्पल ट्री से गौर मॉल तक की टूटी सड़क बता रही है कि इस रोड पर अभियान चलाने की सख्त आवश्यकता है। वहीं मालीवाडा के लिए जाने वाली सड़क के साथ ही पुराने बस अड्डे पर गटर का मेन हॉल का गड्ढा भरा जाना भी बेहद आवश्यक है, यहां कभी भी हादसा हो सकता है। इसके साथ ही कई और इलाके ऐसे हैं जहां की टूटी सड़क लोगों के लिए परेशानी का सबक बन रही है।
















### क्या बरसात से पहले पूरा हो जाएगा गड्ढे भरने का अभियान

करंट क्राइम : शहर की टूटी सड़कों के गड्ढे भरने के अभियान को लेकर अधिकारी तेजी दिख रहे हैं लेकिन इसको और मजबूत करने की आवश्यकता है। जून के मध्य तक गाजियाबाद में भी मानसून पहुंच जाएगा और बारिश में यह गड्ढे और मुसीबत बनते हैं। ऐसे में अधिकारियों और निगम के दस्ते को चाहिए कि समय रहते इन गड्ढो को भर दिया जाए ताकि बारिश के दिनों में लोगों को अधिक परेशानी ना हो। साथ ही इन गड्ढों के द्वारा किसी तरीके का हादसा भी न होने पाए।

## अभी और बढ़ेगा पार्षद की गिरफ्तारी में विरोध प्रदर्शन

गाजियाबाद , करंट क्राइम : गाजियाबाद में जिस तरीके से पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी का मामला तूल पकड रहा है, उसे देखकर लग नहीं रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में यहां राजनीतिक हलचल और पुलिस व पार्षदों के बीच जारी खींचतान कम होगी। सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे मामले में जज ने आरोपी पार्षद सुधीर को जल्द रिहा करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में पहले पीड़ित महिला के 164 के बयान दर्ज होंगे, उसके बाद ही इस पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर पुलिस के सूत्र बताए रहे हैं कि कमिश्नरेट के एक वरिष्ठ अधिकारी जो इन दिनों छुट्टी पर चल रहे हैं वह सोमवार से पहले नहीं आएंगे। वही बताया जा रहा है कि पार्षदों के अलग-अलग दल और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

### जल्द रिहाई मिलने की उम्मीद कम

### वाल्मीकि समाज और पार्षद हैं पूरे मामले में आगे

करंट क्राइम : विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी और उन पर गंभीर धारों में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने का मामला अब बड़ा मुद्दा बन चुका है। इस मामले में वाल्मीकि समाज भी एकजुट हो गया है। वाल्मीकि समाज के प्रमुख नेता और नगर निगम की राजनीति में एक्टिव चेहरे खुलकर आगे आ रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से महापौर सुनीता दयाल पार्षदों के साथ दिखाई दे रही हैं। तो वहीं विधायक लोग इस मामले में खुद को दूर रखे हुए हैं। उधर भारतीय जनता पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में भाजपा का एक दल लगातार सुधीर कुमार की फैमिली को सपोर्ट कर रहा है और कानूनी कार्रवाई से लेकर पुलिस के अधिकारियों के बीच पैरवी भी की जा रही है।



### धारा-144 का सरकार वाले ही कर रहे हैं रोजाना उल्लंघन

करंट करंट : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चुनाव और अन्य गतिविधियों के चलते यहां धारा- 144 लागू है। आचार संहिता चल रही है, बावजूद इसके लगातार गुप्त बैठकें और सड़क पर उतरकर प्रदर्शन, रोड जाम और नारेबाजी से लेकर पुलिस के खिलाफ बड़ी भूमिका पार्षद सड़क से लेकर सदन तक दिखा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों के साथ जिस तरीके से विपक्ष वाले पार्षद भी इस मामले में खुलकर साथ दे रहे हैं, उससे एक अलग संदेश लखनऊ तक जा रहा है। उधर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि भले नगर निगम में अन्य दलों के पार्षदों को लेकर उनकी पार्टी के पदाधिकारी बयान बाजी कर रहे हों लेकिन भीतर खाने सभी पार्षद एकजुट हैं और इस लड़ाई को वह लंबी चलने के साथ ही न्याय पूर्ण स्थिति पर लाने पर जुटे हुए हैं।

### पुलिस कमिश्नर सख्त तो पुलिस अधिकारी मैनेजमेंट में जुटे

करंट क्राइम : जिस तरीके से बुधवार और गुरुवार का सीन हुआ है, उसके बाद पुलिस महकमे के सूत्र बता रहे हैं कि भले इस पूरे विवाद में पुलिस कमिश्नर बेहद आक्रामक रुख अपना रहे हो लेकिन पुलिस विभाग के अंदर की जानकारी यह है कि एसीपी स्तर से लेकर इंस्पेक्टर तक पूरे मामले में अंदर खाने मैनेजमेंट वाली भूमिका में हैं। जिस तरीके से गुरुवार को प्रदर्शनकारी पार्षदों को मनाने के लिए उनके इलाके के एसीपी स्तर के अधिकारी और थाना प्रभारी लगाए गए थे, वही बताया जा रहा है कि कहीं ना कहीं पुलिस अब इस पूरे मामले में फ्रंट फुट पर आकर नहीं खेल रही है। पुलिस के निचले अधिकारी इस पूरे मामले को शांतिपूर्वक हैंडल करने में जुटे हुए हैं।




# शिमला में पीएम मोदी का विपक्ष पर बड़ा हमला



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। इस दौरान पीएम मोदी ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि इन्होंने मुसलमानों की 77 जातियों को ओबीसी बना दिया। इन्हें हर जगह मलाई मिल रही थी। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा, "इंडी गठबंधन की साजिश का ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल में सामने आया है। 2 दिन पहले ही वहां कलकत्ता हाई कोर्ट ने वहां 77 मुस्लिम जातियों के आरक्षण को खत्म कर दिया। मुसलमानों की 7 7 जातियों क ो इंडी गठबंधन वालों ने रातों-रात ओबीसी बना दिया था और ओबीसी का हक उनको दे दिया था। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया। इन 77 मुस्लिम जातियों को नौकरी, पढ़ाई में हर जगह मलाई मिल रही थी। ऐसा करके इंडी गठबंधन ने ओबीसी के हक पर डाका डाला और संविधान की धज्जियां उड़ा दी। अब कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के बाद इंडी गठबंधन वाले बौखलाए हुए हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री तो सीधे-सीधे कोर्ट के फैसले को मानने से भी इनकार कर रही हैं। इनके लिए संविधान और अदालतें कोई मायने नहीं रखती। इनका सबसे सगा अगर कोई है, तो वो इनका वोट बैंक है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने कांग्रेस का दौर देखा है, जब एक कमजोर सरकार देश में हुआ करती थी। उस समय पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी। पीएम मोदी ने कहा अब भारत दुनिया के सामने भीख नहीं मागेंगा। भारत अपनी लड़ाई लड़ेगा। और फिर भारत ने घर में घुसकर मारा। आज देखिए पाकिस्तान की क्या हालत हो गई है। हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों ने मुझे अपना हौसला बुलंद रखना सिखाया है और हिमाचल की बफीर्ली पहाड़ियों ने मुझे ठंडे दिमाग से काम करना भी सिखाया है। हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों ने मुझे अपना सिर गर्व से ऊंचा रखना सिखाया है। मैं मां भारती का अपमान नहीं सह सकता। लेकिन कांग्रेस, मां भारती के अपमान से भी बाज नहीं आती। कांग्रेस को 'भारत माता की जय' कहने से दिक्कत है, कांग्रेस को 'वंदे मातरम' कहने से दिक्कत है। ऐसी कांग्रेस कभी हिमाचल का भला नहीं कर सकती। पीएम मोदी ने आगे कहा, यही कांग्रेस है जिसने भारत के सीमावर्ती इलाकों को अपने हाल पर छोड़ दिया था। जब बॉर्डर स्टेट में सड़क बनाने की बात आती थी तो कांग्रेस के हाथ-पांव फूल जाते थे। कांग्रेस डर जाती थी कि अगर सड़क बनाई तो उसी सड़क से दुश्मन भीतर आ जाएगा। ऐसी डरपोक सोच मोदी के मिजाज के साथ मेल नहीं खाती। मोदी ने कांग्रेस के मुकाबले कहीं ज्यादा पैसे दिए, मोदी ने कहा सड़कें बनाओ, इन्फ्रास्ट्रक्चर करो, आज बॉर्डर किनारे सैकड़ों किलोमीटर नई सड़कें बनी। आज बॉर्डर किनारे रहने वाले फौजियों का जीवन आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चार दशक तक फौजी परिवारों को वन रैंक वन पेंशन के लिए तरसाया। कांग्रेस ने ऐसा मजाक बनाया, देश के पूर्व सैनिकों की आंखों में धूल झोंकी और ऐसा पाप करने में उनको शर्म भी नहीं आई। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया और रेवाड़ी में मेरी पहली रैली पूर्व सैनिक के साथ हुई थी तो मैंने रेवाड़ी में पूर्व सैनिकों के सामने वादा किया था कि मैं वन रैंक वन पेंशन लागू करूंगा। फिर कांग्रेस वाले डर गए, ये मोदी ने नया खेल खेला है तो उन्होंने रातों-रात अफरा-तफरी में बजट में कहा कि हम भी वन रैंक वन पेंशन लागू करेंगे। लेकिन इन्होंने क्या किया। 500 करोड़ रुपये का टोकन डालकर कह दिया कि वन रैंक वन पेंशन लागू करेंगे। फौज के साथ ये मजाक था। मोदी ने इसे आकर लागू किया।

# कुछ जजों के फैसलों में कोई बुनियादी योग्यता नहीं : ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार बापी हलधर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। सीएम ममता ने अपने संबोधन में कहा, हम न्यायालयों और न्यायिक प्रणाली का बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि कुछ न्यायाधीशों के फैसले बुनियादी योग्यता नहीं रखते। एक न्यायाधीश ने आरएसएस से अपने जुड़ाव को स्वीकार किया है। सीएम ममता की यह टिप्पणी कलकत्ता हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश चित्तरंजन दास के हालिया बयान को लेकर आई है। उन्होंने 20 मई को न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के दिन अपने व्यक्तित्व को आकार देने का श्रेय आरएसएस को दिया था। इससे पहले, कलकत्ता हाईकोर्ट की एक पीठ ने बुधवार को एक आदेश जारी कर पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र रद्द कर दिए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश स्वीकार करने योग्य नहीं है। यह शर्मनाक है। मैं इस फैसले को स्वीकार नहीं करती और मैं हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ जाऊंगी। सीएम ममता ने पीएम मोदी की इस टिप्पणी के लिए उन पर निशाना भी साधा कि 'उनकी ऊर्जा जैविक नहीं है'। सीएम ने कहा कि अगर उन्हें भगवान ने भेजा है, तो उनके लिए मंदिर में रहना बेहतर है। मैं उस मंदिर के निर्माण की व्यवस्था करूंगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि टीएमसी विपक्षी दल इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी। पूरी संभावना है कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आएगा और हम देश को नेतृत्व देंगे।

## न्यूज डायरी

### स्वाति मालीवाल के खुलासे से महिला विरोधी केजरीवाल का असली चेहरा आया सामने : गौरव भाटिया



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने स्वाति मालीवाल के खुलासे को लेकर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि इससे भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल का महिला विरोधी असली चेहरा सामने आ गया है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को होने वाले मतदान का जिक्र करते हुए भाटिया ने दावा किया कि जनता आम आदमी पार्टी (आप) को वोट की चोट देने जा रही है और आप उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त होने जा रही है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि स्वाति मालीवाल ने बताया कि उन्हें 7-8 बार थप्पड़ मारा गया। सीएम आवास को पिटाई घर बताते हुए भाटिया ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में उनके पीए बिभव और उनके साथ के लोगों ने स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की और हर किसी से सवाल पूछने वाले केजरीवाल पूरी तरह से चुप हैं। इससे पता लगता है कि केजरीवाल एक पीड़ित महिला के साथ नहीं आरोपी के साथ खड़े हैं और बिभव को बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। अगर बिभव सच कबूल करता है तो पूरे देश को यह पता लग जाएगा कि इस मारपीट के असली अपराधी अरविंद केजरीवाल ही हैं। भारत की जनता, खासकर महिलाएं, केजरीवाल को माफ नहीं करेगी। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करना अपने आप में प्रमाण है कि अपराध हुआ है। इस घटना का 8-10 मिनट का वीडियो बिभव ने अपने मोबाइल से भी बनाया था, जिसे डिलीट करने के लिए बिभव ने अपना मोबाइल फॉर्मेट कर दिया। अगर वो वीडियो बाहर आया तो केजरीवाल की महिला विरोधी सोच और चेहरा सामने आ जाएगा। भाजपा प्रवक्ता ने अरविंद केजरीवाल से बिभव के मोबाइल में बनाए गए 8-10 मिनट के उस वीडियो को रिलीज करने की मांग भी की, जिसके बनाए जाने का जिक्र स्वाति मालीवाल ने किया है। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल ने जो आरोप लगाए हैं, उसे सुनकर दिल्ली के हर आदमी की आंखों में आंसू है। लोग सोच रहे हैं कि यह मुख्यमंत्री महिला अस्मिता की सुरक्षा क्या करेंगे, जब सीएम के आवास पर ही सीएम की मौजूदगी में उन्हीं की पार्टी की महिला सांसद के साथ मारपीट होती है और सीएम चुप रहते हैं, पीड़ित महिला का साथ देने की बजाय दोषी को बचाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे कांड में बिभव दु :शासन और केजरीवाल दुर्योधन हैं।

### जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने की मांग की

लोनी, करंट क्राइम। लोनी तिराहे के व्यापारियों ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र भेजकर मैन बाजार के गेट से लोनी तिराहे तक जर्जर हो चुकी पुरानी विद्युत लाइन को बदलवाने की मांग की है। लोनी तिराहे पर केक पेस्टी और स्वीटस आदि की दुकान चलाने वाले प्रमोद गुप्ता,ओमकुमार, दयाराम, नरेश गुप्ता, देशराज, सतपाल, मुकेश, तुलसीराम, आदेश आदि ने बताया कि मैन बाजार से लोनी तिराहे तक जा रही विद्युत लाइन जर्जर हो चुकी है तथा उसमें कई दर्जन जोड़ लगे हुए हैं। यह विद्युत लाइन आए दिन टूटकर गिर जाती है जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। जबकि बिजली भी कई कई घंटे गुल रहती है। व्यापारियों का केक, पेस्टी और स्वीटस आदि सामान खराब हो जाता है और उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पडंती है। व्यापारियों ने अविलम्ब पुरानी जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने की मांग की है। विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि उनके नोटिस में यह मामला है, जल्द ही जर्जर विद्युत लाइन बदलवा दी जाएगी।

### जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों के बीच हुई मारपीट

लोनी, करंट क्राइम। जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों ने ही अपने सगे भाई को लोहे की रॉड से वार कर घायल कर दिया। पीड़ित ने भाइयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी थाने के बागराणप गांव निवासी रतीराम नागर ने अपनी संपत्ति चारों बेटों में बराबर बराबर बांटी है। उनके दो बेटे माता पिता का भी एक हिस्सा रखने की मांग कर रहे हैं जिसको लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। आरोप है कि 22 मई की रात रतिराम का मंझला पुत्र संजय नागर और डालचंद नागर माता पिता के साथ बेटे खाना खा रहे थे। इसी दौरान उनके भाई अनिल नागर उर्फ फौजी तथा श्यामलाल ने संजय नागर तथा डालचंद के साथ मारपीट शुरू कर दी। जबकि संजय नागर को लोहे की रॉड से वार कर घायल कर दिया। संजय के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। पीड़ित ने भाइयों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू करेगा आंदोलन

मोदीनगर, करंट क्राइम। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट की समीक्षा बैठक आहूत की गई। भोजपुर में आयाजित बैठक में पश्चिम उप्र के अध्यक्ष परविंदर अवाना व प्रदेश महासचिव प्रवीण मलिक ने किसानों की बिजली से लेकर सड़क, पानी, रजवाहों में पानी ना पहुंचने आदि समस्याओं को लेकर संघर्ष का ऐलान करते हुए आंदालन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी उनकी समस्याओं को यदि गंभीरता से नही लेंगे तो भाकियू टिकैत तहसील से लेकर जिला मुख्यालय पर आंदोलन करने को बाध्य होगी। बैठक में जिला प्रभारी सुभाष चौधरी ने तहसील अध्यक्ष वेदपाल मुखिया के जरिये संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की। इस मौके पर परविंदर चौधरी रोरी ने भी किसानों से जुड़ी समस्या फसलो पर कीटों का प्रकोप, गांव में बिजली की आपूर्ति ठीक ना होने, जर्जर तारों को ना बदले जाने व एक्सप्रेस-वे से जुड़ने वाले ग्रामीण मार्ग की जर्जर स्थिति आदि मुद्दों को उठाया। उन्होंने गन्ने का भुगतान डिजिटल तरीके से करने की मांग भी उठाई। बैठक में मुख्य रूप से टीनू चौधरी, महिला विंग की जिला अध्यक्ष ममता चौधरी आदि भी मौजूद रहीं।

### पत्नी से झगड़ा करने पर पति गिरफ्तार

मोदीनगर, करंट क्राइम। पुलिस ने पत्नि से झगड़ा करने पर पति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी टीनू शर्मा निवासी शिवपुरी का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि टीनू शर्मा की पत्नी ने शिकायत की थी कि उसका पति आये दिन उसके साथ मारपीट करता है। शिकायत सही पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बेटी पर लगाया नकदी व जेवरात चोरी करने का आरोप

मोदीनगर, करंट क्राइम। महिला ने अपनी ही बेटी पर हजारों रुपए की नगदी व जेवरात लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। एक कॉलोनी निवासी महिला ने अपनी बेटी पर 52हजार रुपए की नगदी व जेवरात ले जाने का आरोप मंढ़ा है। महिला की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

# अयोध्या पहुंचे नागालैंड के राज्यपाल ला गणेशन, कहा- रामलला के दर्शन करने आया हूं



**अयोध्या।** नागालैंड के राज्यपाल ला गणेशन शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। अयोध्या पहुंचने पर उन्हें सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह प्रमुख रूप से रामलला के दर्शन के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि कई साल पहले अयोध्या आया था। राम मंदिर निर्माण के बाद तुरंत अयोध्या आने का प्रयास किया था, लेकिन किसी वजह से नहीं आ पाया। आज प्रमुख रूप से रामलला के दर्शन के लिए आया हूं। उन्होंने कहा कि जब कल्याण सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, उस समय मैं अयोध्या आया था। अब नए मंदिर में भगवान राम के विराजमान होने के बाद दर्शन करने आया हूं। राम मंदिर से अयोध्या ही नहीं पूरे देश में स्फूर्ति मिली है। गौरतलब है कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इस दौरान आरएसएस चीफ मोहन भागवत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री और राज्यपाल समेत देश की कई हस्तियां शामिल हुई थीं। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अब तक देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कई राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत कई बड़ी हस्ती प्रभु श्री राम के दर्शन कर चुकी है। इससे पहले गुरुवार को रामायण में माता सीता का किरदार निभाने वाली दीपिका चिखलिया ने भी अयोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन किए थे। रामलला के दर्शन के बाद वह भावुक नजर आईं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा था कि मैं जब भी अयोध्या आती हूं, मुझे बहुत अच्छा लगता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 पार के नारे पर उन्होंने कहा था कि इस बार 400 पार होगा।

# बांग्लादेशी सांसद की मौत का मामला : बंगाल सीआईडी की टीम ढाका पहुंची

**कोलकाता।** बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम की रहस्यमयी मौत की जांच पश्चिम बंगाल पुलिस की आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) कर रही है। सीआईडी की टीम कुछ महत्वपूर्ण सबूत हासिल करने के बाद और सुराग जुटाने ढाका पहुंच गई है। सूत्रों ने बताया, मुंबई निवासी और पेशे से कसाई जिहाद हवलदार की गिरफ्तारी के बाद जांच अधिकारियों को कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। हवलदार को विशेष रूप से कोलकाता लाया गया। वह उन लोगों में से एक था, जिन्होंने बांग्लादेशी सांसद की हत्या की और फिर शव को ठिकाने लगाया। जांच अधिकारियों का मानना है कि जिन लोगों ने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासी जिहाद हवलदार को कॉन्ट्रैक्ट दिया था, उनकी जड़ें बांग्लादेश में हैं। इसलिए मामले को सुलझाने के लिए बंगाल-सीआईडी और बांग्लादेश पुलिस के बीच समन्वय की जरूरत है। सूत्रों ने बताया, जांच अधिकारियों को अनवारुल अजीम की रहस्यमयी मौत के पीछे हनी ट्रैपिंग के भी कुछ खास सुराग मिले हैं। पूरे प्रकरण में जो नाम बार-बार सामने आ रहा है, वह मृतक सांसद के करीबी दोस्त और बांग्लादेशी मूल के अमेरिकी नागरिक अख्तरुजमान का है। जिहाद हवलदार के बयान के अनुसार, उसका मुख्य कार्य मृतक सांसद के शरीर की खाल उतारना था। बांग्लादेश में तीन बार सांसद रह चुके अनवारुल अजीम 12 मई को उपचार के लिए कोलकाता आए थे।

# केरल विधानसभा का नया सत्र 10 जून से



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पिनाराई विजयन मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से राज्य विधानसभा का नया सत्र 10 जून से बुलाने को कहा है। चार जून को आम चुनाव के नतीजे आ रहे हैं। उसके ठीक कुछ दिन बाद केरल विधानसभा का सत्र आयोजित किया जाएगा। सत्र में उठाने के लिए कई राजनीतिक मुद्दे हैं, जिसके मद्देनजर विधानसभा सत्र के हंगामेदार रहने की उम्मीद है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के पास सीएम पिनाराई विजयन की बेटी वीणा विजयन से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में काफी सामग्री है। संयोग से इस मुद्दे को 2023 में पहली बार कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान ने विधानसभा में उठाया गया था। अब यह मुद्दा एक बड़े विवाद का रूप ले चुका है। जांच एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष भी राज्य की गंभीर वित्तीय स्थिति को उजागर करने के लिए तैयार है। विपक्ष मार्च-अप्रैल में मौसम की अनियमितता, अप्रत्याशित गर्मी और उसके बाद भारी बारिश के कारण फसलों को हुई भारी क्षति का मुद्दा उठाएगा।

# किर्गिस्तान में फंसे बच्चों को वापस लाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार करे पहल : कांग्रेस



**भोपाल।** किर्गिस्तान में अशांति है और मध्य प्रदेश के लगभग 1,200 बच्चे वहां फंसे हुए हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार से बच्चों को सुरक्षित लाने के लिए आवश्यक पहल करने की मांग की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा, ₹किर्गिस्तान में मध्य प्रदेश के 1,200 बच्चे फंसे हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकालने का भरोसा दिया है, लेकिन, राजनीतिक वादे की तरह उन्हें वापस लाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए। किर्गिस्तान में फंसे छात्रों के बयानों का हवाला देते हुए पटवारी ने कहा, स्टूडेंट्स का कहना है कि पाकिस्तान अपने छात्रों को यहां से निकाल चुका है, परंतु, भारत सरकार ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। केवल बयान और मीडिया हेडलाइंस में सरकार सक्रिय है। हकीकत में मदद जैसा कुछ नहीं है। जो बच्चे फ्लैट में रह रहे हैं, वे बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं। खाने-पीने का सामान खत्म हो गया है। उन्हें भूखे ही रहना पड़ रहा है, क्योंकि बाहर निकलते ही मारपीट हो रही है। लोकल लोग लड़कियों से भी मारपीट कर रहे हैं। पटवारी ने आगे कहा, बच्चों का कहना है कि पहले वापसी टिकट करीब 15-20 हजार रुपए में हो जाता था, लेकिन, जबसे हालात बिगड़े हैं, 50 हजार रुपए में फ्लाइट का टिकट मिल रहा है। यह सभी के लिए संभव नहीं है। बच्चों ने नाराजगी जताते हुए मीडिया से यह भी कहा है कि किर्गिस्तान से अपने स्टूडेंट्स को निकालने के लिए पाकिस्तान सरकार ने फ्री ऑफ कॉस्ट फ्लाइट भेजी है, लेकिन, भारत की सरकार अभी तक बेफिक्र नजर आ रही है। किर्गिस्तान में फंसे भारतीय स्टूडेंट्स ने भारत सरकार, इंडियन एंबेसी और विदेश मंत्री को सोशल मीडिया पर टैग किया, गुहार भी लगाई, लेकिन, कुछ रिस्पांस नहीं मिला। इस स्थिति में बच्चे ज्यादा निराश और डरे हुए हैं। जीतू पटवारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को किर्गिस्तान के हालात बताते हुए लिखा, मुझे जानकारी मिली है कि बिश्केक में फ्लैट में रहने वाले बच्चों को कुछ मकान मालिक बाहर निकाल रहे हैं। जब वे बाहर जा रहे हैं, तो स्थानीय लोगों के हमले का शिकार हो रहे हैं। क्या आपको यह सब नहीं पता है? बच्चों के साथ उनके परिजन भी बहुत परेशान हैं। सभी यह उम्मीद कर रहे हैं कि संकट के गंभीर दौर में मध्य प्रदेश के साथ केंद्र सरकार भी प्राथमिकता से पहल करेगी और बच्चों की सुरक्षित वापसी के प्रयास करेगी। बता दें कि राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते दिनों किर्गिस्तान में फंसे बच्चों से वीडियो कॉल पर बात की थी और जल्द उनकी वापसी का भरोसा भी दिया था।

# पीएम मोदी का काशी की 2,000 हस्तियों के नाम खत, कहा- 'आपके प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया'



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में पांच चरण के मतदान हो चुके हैं। शनिवार को छठे चरण में 7 राज्यों की 58 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी के प्रबुद्ध और पद्मश्री से नवाजे गए 2,000 लोगों को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने चिट्ठी लिखकर काशी की इन सभी खास हस्तियों के परिवार के सदस्यों और अपनी संस्था के लोगों को मतदान स्थल तक लाने में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की है। इस चिट्ठी में पीएम मोदी ने यह भी कहा कि काशीवासियों के प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया है। इस चिट्ठी में पीएम मोदी ने लिखा, "आपको अवगत है कि भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व चल रहा है। काशी लोकसभा में पहली जून को मतदान होना है। काशी में आप सबके आत्मीय प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया। केवल सांसद ही नहीं, बल्कि, स्वयं को काशी के बेटे के रूप में पाता हूं। आप सबसे यह निवेदन है कि पहली जून को एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हो। आपके एक वोट की ताकत से आज देश का भविष्य निर्माण हो रहा है। भारत को सामर्थ्यवान बनाने में आपका ही बड़ा योगदान है। उन्होंने खत में आगे लिखा, "हम काशी की बात करें तो मुझसे अधिक आपको पता है। इन 10 वर्षों में काशी के विकास को लेकर हमने जो संकल्प लिए थे, एक-एक कर पूरे हो रहें हैं। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जो कुछ कर पाया हूं, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। 2024 का चुनाव बहुत मायने में महत्वपूर्ण है। आपके मत एवं समर्थन से ही विकसित भारत का संकल्प पूर्ण होगा। पीएम मोदी ने खत के आखिर में अपील करते हुए लिखा, "1 जून को स्वयं, परिवार के सदस्यों एवं अपनी संस्था के लोगों को मतदान स्थल तक लाने में सक्रिय रूप से योगदान करें। अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा, अपने गौरव को और अधिक ऊंचाईयां देने के लिए साथ चलें।" इससे पहले पीएम मोदी के समर्थन में वाराणसी में मातृशक्ति ने मां गंगा की आरती उतारी थी।

# आजम, तंजीम फातिमा और अब्दुल्ला को हाईकोर्ट से राहत, तीनों को मिली जमानत




**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खान और उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को जमानत दे दी है। इसके साथ ही आजम खान की सजा पर रोक भी लगाई है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने आजम खान, तंजीम और अब्दुल्ला आजम की जमानत मंजूर कर ली है और आजम खान की सजा का आदेश स्थगित कर दिया है। यह फैसला आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद 14 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने भी मामले में बहस की थी। इसके अलावा अपर महाधिवक्ता पीसी. श्रीवास्तव और शासकीय अधिवक्ता एके संड, जेके उपाध्याय ने पक्ष रखा। जबकि, आजम परिवार की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता इमरानुल्ला खां ने बहस की। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल भी आजम परिवार की तरफ से बहस करने आए थे। हाईकोर्ट के वकील ने बताया कि आजम अभी जेल में रहेंगे, क्योंकि हेट स्पीच मामले में भी उन्हें सात साल की सजा हुई है।

# दिल्ली में लोकसभा की सभी 7 सीटों पर आज मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत शनिवार को दिल्ली की सभी 7 सीटों के साथ-साथ देश के 8 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 58 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। देश की राजधानी दिल्ली के चुनावी परिदृश्य की बात करें तो 2019 के लोकसभा चुनाव में 57 प्रतिशत के लगभग वोट के साथ दिल्ली की सभी सातों सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी। उस चुनाव में कांग्रेस को 23 और आम आदमी पार्टी को 18 प्रतिशत के लगभग वोट तो मिले थे, लेकिन, दोनों पार्टियों के खाते में एक भी सीट नहीं आई थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों अलग-अलग लड़े थे। लेकिन, इस बार दोनों ही दल मिलकर दिल्ली में लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 के चुनाव में मिले वोट प्रतिशत के आधार पर देखा जाए तो आप और कांग्रेस का वोट मिलाने के बावजूद भाजपा इनसे काफी आगे ही नजर आ रही है। इसके बावजूद पूरे देश की तरह भाजपा ने राजधानी दिल्ली में भी आक्रामक चुनाव प्रचार अभियान चलाया।

# प्रियंका गांधी ने एक दिन में की 16 नुक्कड़ सभाएं



**रायबरेली।** मतदान खत्म होने के बाद परिणाम को लेकर हर जगह कयास लग रहे हैं। लेकिन पांचों विधानसभा में जिस तरह वोटिंग हुई उसने यह बात साफ कर दी कि लोकसभा चुनाव के दौरान बनी राजनीतिक गर्मी का असर मतदान पर हुआ है। मतदाताओं ने सियासी तपिश को महसूस कर मतदान किया। कांग्रेस और भाजपा ने सियासी समीकरण साधने के लिए बछरावां और हरचंदपुर विधानसभा में ताकत झोंकी थी तो ऊंचाहार में शुरू से ही सियासी सरगर्मी ठंडी रही। रायबरेली में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में राजनीतिक अलंबरदारों की हलचल बहुत अहम भूमिका निभाती है। चाहे वह लोकसभा हो या फिर विधानसभा चुनाव। 2019 से लेकर 2022 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में यही ट्रेंड देखने को मिला है। मतदाताओं ने सियासी गर्मी को सहन किया और फिर मतदान में भी रंग जमाया।

### बछरावां से शुरू हुआ अभियान


कांग्रेस और भाजपा ने इस बार बछरावां से चुनावी अभियान शुरू किया। यह विधानसभा क्षेत्र दोनों दलों के लिए नाक का सवाल बन गया। प्रियंका गांधी जब चुनाव प्रचार में उतरीं तो उन्होंने बछरावां में नौ मई को ताबड़तोड़ 16 नुक्कड़ सभाएं कीं। इसके बाद केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी जनसभा कर माहौल बनाया। इसके पूर्व भाजपा के लोकसभा प्रभारी और अन्य बड़े पदाधिकारियों ने बछरावां में ही सभा की। नतीजा यह रहा कि बछरावां विधानसभा में 60.20 प्रतिशत मतदान हुआ।

### हरचंदपुर में ताबड़तोड़ हुईं सभाएं

हरचंदपुर विधानसभा में इस बार 60.16 प्रतिशत मतदान हुआ। इसका बड़ा कारण रहा कि कांग्रेस से प्रियंका गांधी ने यहां पर 14 से अधिक नुक्कड़ सभा के साथ, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने जनसभा की। भाजपा से उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने दो बार लोधी बहुल क्षेत्रों में जनसभा की। इसका नतीजा यह रहा कि हरचंदपुर में सियासी तापमान बढ़ा रहा और फिर वह मतदान के रूप में सामने भी आया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शनिवार 25 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट







## नगर निगम पार्षद प्रकरण-डे थ्री

# नहीं बनी बात तो सोमवार को पार्षद करेंगे चक्का जाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के पार्षद सुधीर कुमार के मामले में तीसरे दिन भाजपा पार्षद तथा एक कांग्रेस पार्षद नगर निगम में एकत्र हुए और बैठक की। करंट क्राइम पूरे घटनाक्रम से अपने पाठकों को अवगत करा रहा है। डे-फर्स्ट, डे-सैकंड के बाद शुक्रवार को डे-थ्री था। निगम सभागार में 12 बजे का टाइम रखा गया था और लगभग 20 पार्षद यहां पहुंचे और फिर इनकी संख्या दोपहर 1 बजे लगभग 50 हो गई। मेयर इस बैठक में नहीं आईं और यहां जब बैठक चल रही थी तो अचानक इस बैठक में इन्दिरापुरम के पार्षद प्रीति जैन और उनके पति अभिनव जैन पहुंचे। उनका चेहरा तमतमा रहा था और इन पार्षदों ने कहा कि पहले हमारे विषय को सुना जाये। उन्होंने बताया कि वो क्षेत्र के 10-12 लोग लेकर जीडीए वीसी के पास गये थे। समस्या को लेकर ज्ञापन देना था और इस समस्या का समाधान जीडीए से ही हो सकता है क्योंकि इन्दिरापुरम के वार्ड जीडीए ने निगम को हैंडओवर नहीं किये है। यहां पर पार्षद दम्पत्ति ने बताया कि उनके साथ गलत व्यवहार हुआ है और वो जनता की समस्या को लेकर जनता के साथ अधिकारी के पास गये थे और जनता के सामने ही अधिकारी ने उनका अपमान किया। इस बात पर पार्षदों ने कहा कि हमें एकजुट होना होगा और यहां पर ये भी तय हुआ कि पहले हमें सुधीर कुमार वाले मैटर पर बात करनी है और फिर इस मामले पर भी चलेंगे। बैठक में अंत में ये निर्णय हुआ कि पुलिस वालों के खिलाफ एक्शन नहीं लिया गया तो सोमवार से शहर में चक्का जाम किया जाएगा।





### मेरी मानो तो 25 मई के बाद रखो धरना : वीरेन्द्र त्यागी



करंट क्राइम। नगर निगम पार्षद वीरेन्द्र त्यागी ने कहा कि इस समय चुनाव चल रहे हैं और अगर मेरी मानों तो 25 मई के बाद धरने का प्रोग्राम रख लो यह ठीक रहेगा।

### जब कांग्रेस पार्षद ने कहा तुम्हें चुनाव की चिंता हमें पार्षदों की चिंता



करंट क्राइम। जब यहां भाजपा पार्षद वीरेन्द्र त्यागी ने 25 मई के बाद धरना देने की बात कही तो कांग्रेस के पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम कठोर गये। प्रवीण कुमार ने कहा कि आपको चुनाव की लगी है और हम तीन दिन से पार्षदों के लिए लड़ रहे हैं। जो होना है वो आज ही होगा और पार्षदों के सम्मान में सबको खड़े होना होगा।

### वाल्मीकि समाज करेगा सोमवार को चक्का जाम : प्रदीप चौहान



करंट क्राइम। पूर्व नामित पार्षद प्रदीप चौहान भी इस बैठक में पहुंचे। उन्होंने कहा कि पहला प्रकरण सुधीर वाल्मीकि का हुआ और दूसरा प्रकरण प्रीति जैन का आ गया। आने वाले समय में अभी पार्षदों की और भी दुर्गति होगी। उन्होंने कहा कि हमने वाल्मीकि समाज की बैठक बुलाई है और यदि न्याय नहीं मिला तो सोमवार को वाल्मीकि समाज चक्का जाम करेगा।

### सभी पार्षदों को दिखानी होगी इस समय एकजुटता : शीतल चौधरी



करंट क्राइम। भाजपा पार्षद शीतल चौधरी इस बैठक में पार्षदों के रवैये को लेकर नाराज दिखाई दी। उन्होंने कहा कि क्या हम ही सारे पार्षदों को बुलायें। जो पार्षद इस समय हमारे साथ खड़ा है हम उसके साथ खड़े होंगे। यह पार्षद एकता का सवाल है और 100 के 100 पार्षदों को आना होगा। उन्होंने कहा कि जीडीए बोर्ड सदस्य का भी चुनाव आ रहा है और जो यहां मेहनत कर रहे हैं हम उसी के साथ रहेंगे।

### हम अपने पार्षद के साथ पूरी एकजुटता से हैं : अमित त्यागी



करंट क्राइम। भाजपा पार्षद अमित त्यागी ने कहा कि उनकी माता का स्वास्थ्य ठीक नहीं था वह इसलिए बिजी थे। उन्होंने कहा जो हुआ गलत हुआ। हम अपने पार्षद के साथ हैं और सभी पार्षदों को एक जुटता दिखानी होगी।

**'जो हुआ गलत हुआ। हम अपने पार्षद के साथ हैं। और सभी पार्षदों को एक जुटता दिखानी होगी।'**



### मनोज गोयल-बिजेन्द्र चौहान-हिमांशु शर्मा ने रखी बात

करंट क्राइम। पार्षद बिजेन्द्र चौहान ने कहा कि उनकी कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात हुई है। किसी ने कहा कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार से बात करते हैं फिर रणनीति बनाते हैं। किसी ने कहा कि सड़कों पर उतरकर चक्का जाम करना होगा। पार्षद हिमांशु शर्मा ने कहा कि हम सबको एक जुट रहना है और मगर मेयर की अधिकारियों ने नहीं सुनी तो इसका अर्थ यही है कि हम सभी पार्षद पुलिस की नजर में ठीक नहीं हैं।

### आज 1 बजे पार्षद करेंगे पुलिस आयुक्त से मुलाकात



करंट क्राइम। निगम सभागार में पार्षदों की बैठक में तीसरे दिन भी पार्षद एकता जिंदाबाद रही और यहां पर वीरेन्द्र त्यागी, प्रदीप चौहान, बिजेन्द्र चौहान और यशपाल पहलवान को इस मामले में फाईनल डिसीजन लेने के लिए समिति में रखा गया। इसमें तय हुआ कि शनिवार को एक बजे पार्षद एडीशनल सीपी के साथ बैठक करेंगे। पहले 12 बजे सब निगम सभागार में आयेंगे और फिर सब एक बजे एडीशनल सीपी से मुलाकात करेंगे। अगर बात मानी जाती है तो ठीक और नहीं तो सोमवार से चक्का जाम करेंगे। यहां पर एक पार्षद ने ये भी कहा कि यदि एक पार्षद अपने वार्ड से 100 लोग लेकर आयेगा और 100 पार्षद के हिसाब से 10 हजार लोग पुलिस आयुक्त आवास पर जायेंगे।

### नहीं मिली पार्षद को बेल, अभी रहना होगा इन द जेल

करंट क्राइम। भाजपा पार्षद सुधीर कुमार को पुलिस जेल भेज चुकी है। माना जा रहा था कि उन्हें शुक्रवार का जमानत मिल सकती है। लेकिन बताया जाता है कि उन्हें शुक्रवार को बेल नहीं मिली और अदालत से अगली तारीख मिली है। लिहाजा अभी पार्षद को बेल नहीं मिलने पर जेल में रहना पड़ सकता है।

# क्या भाजपा जनप्रतिनिधियों पर भारी पड़ रही है अफसरशाही



पहला दिन



दूसरा दिन



तीसरा दिन

**जनता का पूर्ण जनादेश है और उसके बावजूद भाजपा विपक्ष की भूमिका में है। वो अपनी सरकार में अधिकारियों से उलझ रहे हैं और अधिकारी उनकी नहीं सुन रहे हैं। यह एक बार नहीं बल्कि कई बार हो चुका है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सरकार भाजपा की और तकरार भाजपा जनप्रतिनिधियों की। राज भाजपा का और विवाद भाजपा जनप्रतिनिधियों का। सरकार रिपीट हो गई लेकिन विवाद वाली हीट खत्म नहीं हो रही है।

जब सुरेश खन्ना प्रभारी मंत्री थे तब भी ये ही बात थी कि अफसर नहीं सुनते हैं और जब असीम अरूण प्रभारी मंत्री हैं तब भी है कि अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। सवाल अब भाजपा नेताओं के बीच ही उठ रहे हैं कि क्या भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर ये अफसरशाही भारी पड़ रही है। जनता का पूर्ण जनादेश है और उसके बावजूद भाजपा विपक्ष की भूमिका में है। वो अपनी सरकार में अधिकारियों से उलझ रहे हैं और अधिकारी उनकी नहीं सुन रहे हैं। यह एक बार नहीं बल्कि कई बार हो चुका है। मुख्यमंत्री गेस्ट हाऊस में आये थे और यहां चाय पिलाने के बाद वरिष्ठ भाजपाईयों का गुस्सा बाहर आया था उन्होंने चाय का बिल एक अधिकारी को भिजवाया था। किस्से कई है और ताजा मामला यही है अफसर शाही भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर भारी पड़ रही है। पार्षद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मेयर ने बात की लेकिन मामला नहीं सुलझा। पार्षद आंदोलनकारी हो गये। इससे पहले पार्षदों की तकरार रही है और शुक्रवार को जीडीए वीसी के कक्ष में फिर से भाजपा विपक्ष वाले अंदाज में दिखाई दी। मामला यहीं समाप्त नहीं होता है और तीसरा प्रकरण भी साहिबाबाद क्षेत्र से है। ये मामला भाजपा पार्षद नरेश भाटी के वार्ड का है। यहां पर भाजपा के बूथ अध्यक्ष की दुकान में पॉलिथीन मिलने पर उसका चालान काटा गया था। पार्षद ने निगम अधिकारी से सिफारिशी की और कहा कि वो भाजपा कार्यकर्ता है। बताते है कि इसी बात को लेकर सामने से तू तो और इधर से मैं की स्थिति आई और तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई। जो बात एक हजार रुपए के जुमार्ने में सैटल हो रही थी फिर उसी बात की रसीद 10 हजार की कटी। इसी तरह भाजपा पार्षद गौरव सौलंकी का भी एक मामला है और पार्षद भूपेन्द्र उपाध्याय भी नाले की सिल्ट को लेकर ऐसे विवाद का सामना कर चुके हैं। सवाल यही है अफसरशाही आखिर फूल वाले जनप्रतिनिधियों को लेकर इतना कठोर क्यों हो रही है। जनप्रतिनिधियों का भी जनता के बीच एक सम्मान होता है।

### तीन दिन से बिगड़े हुए हैं हालात, क्यों नहीं दिखे साथ

करंट क्राइम। निगम पार्षद भी जनप्रतिनिधि होते हैं और अगर विवाद है तो इसमें दोषी कौन है ये सवाल बाद का है लेकिन पहला सवाल एकजुटता का है। जिस गाजियाबाद में भाजपा विधानसभा में नेतृत्व करती है, लोकसभा में नेतृत्व करती है और जिस प्रकरण में मेयर ने मोर्चा संभाला, जिस मामले में 50 पार्षद एकजुट हो गये। उस मामले में आखिर भाजपा के विधायक साथ क्यों नहीं दिखाई दे रहे हैं। हालांकि विधायक नन्द किशोर गुर्जर अपना बयान जारी कर चुके हैं लेकिन यहां पर शहर विधायक अतुल गर्ग, राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा कोई हस्तक्षेप क्यों नहीं कर रहे हैं। इस विवाद में राज्यसभा सांसद रहे चुके अनिल अग्रवाल भी दूर हैं और जनरल वीके सिंह यहां आ सकते थे लेकिन वो अभी यहां के लोकसभा सांसद हैं। लेकिन वो भी नहीं आये। सवाल यही है कि विधायकों का साथ पार्षदों को क्यों नहीं मिला है।

# और इस तरह से सुलझ गया जीडीए वीसी और पार्षदों के बीच का विवाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम सभागार में पार्षद एक जुटता बैठक में इन्दिरापुरम के पार्षद प्रीति जैन और उनके पति अभिनव जैन पहुंचे। नगर निगम वैभव खंड वार्ड 99 की पार्षद प्रीति जैन और उनके पति अभिनव जैन क्षेत्र के कुछ लोगों को लेकर जीडीए वीसी अतुल वत्स से मिलने के लिए पहुंचे। यहां पर ज्ञापन देने के दौरान जीडीए वीसी ने पार्षद के साथ इतने लोगों को देखकर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जीडीए में यह नहीं चलेगा। इस बात को लेकर पार्षद नगर निगम पहुंचे थे और उन्होंने पूरा प्रकरण बताया। इसके बाद नगर निगम की बैठक में ही तय हुआ कि पार्षद वीरेन्द्र त्यागी

शीतल देव, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, पार्षद मनोज त्यागी और अमित त्यागी जीडीए वीसी से मिलने के लिए जायेंगे। इसी दौरान बताते हैं कि इस मामले की जानकारी कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा और निगम महापौर को भी दी गई और कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जीडीए वीसी से बात भी की। इसके बाद जब पार्षद कल इस प्रकरण को लेकर जीडीए वीसी से मिलने गये तो 15 मिनट बाद सभी उनके कक्ष से हंसते हुए बाहर आये। पता चला कि गलतफहमी हो गई थी। जीडीए वीसी ने भी बात को समझाया और कहा कि अभी आचार संहिता होने के कारण वह कुछ भी करने में असमर्थ हैं और आचार संहिता हटने के बाद वह इन्दिरापुरम क्षेत्र का दौरा करेंगे और समस्याओं का समाधान करेंगे। इसके बाद यह प्रकरण यहीं सुलझ गया।

**इस मामले की जानकारी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और निगम महापौर को भी दी गई और कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जीडीए वीसी से बात भी की।**

## संपादकीय

# संवैधानिक व्यवस्था सर्वोपरि

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत 2011 से बंगाल में जारी अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाणपत्रों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा, हालांकि, इससे वर्तमान में शैक्षणिक संस्थानों में नौकरी या सीटें रखने वाले या जाति प्रमाण पत्र के साथ आवेदन दाखिल करने वाले लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण की पूरी कहानी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर आधारित है। उस रिपोर्ट में देश में मुस्लिम समुदाय की स्थिति के बारे में विस्तृत बातें की गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों में केवल 3.5 फीसदी ही मुस्लिम थे। इसी को आधार बनाकर 2010 में पश्चिम बंगाल की वाम मोर्चा सरकार ने 53 जातियों को ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया और ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। इस तरह उस वक्त करीब 87.1 फीसदी मुस्लिम आबादी आरक्षण के दायरे में आ गई। लेकिन, 2011 में वाम मोर्चा की सरकार सत्ता से बाहर हो गई और उसका यह फैसला कानून नहीं बन सका।

राज्य में जब तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। ममता की सरकार ने इस सूची को बढ़ाकर 77 कर दिया। 35 नई जातियों को इस सूची में जोड़ा गया, जिसमें से 33 मुस्लिम समुदाय की जातियां थीं। साथ ही तृणमूल सरकार ने भी राज्य में ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। ममता सरकार के इस कानून की वजह से राज्य की 92 फीसदी मुस्लिम आबादी को आरक्षण का लाभ मिलने लगा। हाईकोर्ट ने ओबीसी के मामले में सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया। इसके बाद तो मानो ममता का पारा उछल गया। ममता ने अदालत पर मनमाने आरोप लगा दिए। उच्च न्यायालय के विशिष्ट न्यायाधीशों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक न्यायाधीश कह रहा है कि मैं आरएसएस का आदमी हूं, दूसरा भाजपा में शामिल हो जाता है... आप इस तरह से न्यायाधीश कैसे बन सकते हैं और अदालतों की अध्यक्षता कैसे कर सकते हैं? पार्टी के वरिष्ठ नेता और सुश्री बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भी आरोप लगाया कि अदालत का फैसला तपशिली समुदाय के लिए आरक्षण रद्द करने के भाजपा के प्रयासों का हिस्सा है। ममता के आरोपों के जवाब में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सुश्री बनर्जी की टिप्पणियों को खारिज कर दिया। शाह ने कहा कि ममता जी ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार नहीं करते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल के लोगों से पूछना चाहता हूं – क्या ऐसा कोई मुख्यमंत्री हो सकता है जो अदालत के आदेश को मानने से इनकार कर दे?

सुप्रीम कोर्ट ने संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच का विरोध करने पर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने सवाल किया कि कोई राज्य सरकार किसी व्यक्ति के हितों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट कैसे आ सकती है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सीबीआई जांच का निर्देश देने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर कोई रोक लगाने से इनकार कर दिया और पूछा था कि राज्य सरकार किसी व्यक्ति के हितों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय से कैसे संपर्क कर सकती है? जहां तक वोटों की राजनीति और बहुमत पाने से काले कारनामों के धुल जाने का सवाल है तो लालू यादव बहुमत के बावजूद जेल गए थे। लोकतंत्र में कानून से खिलवाड़ करने के लिए बहुमत को आधार नहीं माना जा सकता।

# एक्स पर मंथली एक्टिव यूजर्स 60 करोड़ पहुंचे



**नई दिल्ली।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ओर से कहा गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंथली एक्टिव यूजर्स (एमएयू) का आंकड़ा 60 करोड़ पहुंच गया है। मस्क की ओर से एक्स (पूर्व ट्विटर) का अधिग्रहण 2022 में 44 अरब डॉलर में किया गया था। इसके बाद वे इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ एक सुपर ऐप बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

इस पर आप फिल्में एवं टीवी शो के साथ डिजिटल भुगतान भी कर सकते हैं। अरबपति टेक कारोबारी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, एक्स पर मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 60 करोड़ को पार कर गई है। इसमें से आधे के करीब लोग प्रतिदिन एक्स का उपयोग कर रहे हैं। मस्क की पोस्ट का जवाब देते हुए यूजर्स ने कहा कि एक्स शायद मौजूदा समय में दुनिया का सबसे अच्छा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है। मस्क लगातार एक्स में बदलाव कर रहे हैं और ऐप में कई नए फीचर जोड़े गए हैं। अधिग्रहण के बाद एक्स पर ब्लू टिक लेने के लिए सब्सक्रिप्शन अनिवार्य कर दिया गया है और इसके साथ ही संस्थाओं के वेरिफिकेशन के लिए गोल्डन टिक शुरू किया गया है।

इसके अलावा एक्स पर वॉइस और वीडियो कॉलिंग फीचर भी जोड़ दिया गया है। इसके माध्यम से यूजर्स आसानी से वॉइस और वीडियो कॉलिंग की सुविधा का आनंद उठा सकते हैं। हाल ही में मस्क ने कहा था कि एक्स पर लाइव कंटेंट में सुपर चैट फीचर आने वाले हैं। अब सब्सक्रिप्शन लेने वाले यूजर्स मूवी, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट आदि पोस्ट कर आय अर्जित कर सकते हैं। एक्स की ओर से विज्ञापनदाताओं के लिए भी एक नया एआई टूल लाया जा रहा है, जो कि कुछ ही सेकंड में विज्ञापन के लिए उपयोगी यूजर्स की लिस्ट तैयार कर देगा। मस्क ने एक पोस्ट में कहा था कि वर्तमान एआई के माध्यम से यूजर्स आसानी से 'क्या आप एक बॉट हैं' पास कर सकते हैं।

मस्क ने कुछ दिन पहले ऐलान किया था कि अब नए यूजर्स को एक्स पर पोस्ट करने के लिए भुगतान करना होगा। कंपनी की ओर से न्यूजीलैंड और फिलीपींस में यूजर्स से एक्स प्लेटफॉर्म उपयोग करने के लिए अक्टूबर 2023 से ही एक डॉलर प्रति वर्ष चार्ज किए जा रहे हैं। मस्क की ओर से बताया गया कि इस कदम के माध्यम से ही हम एक्स प्लेटफॉर्म पर बॉट को रोक सकते हैं।

## डेटा सेंटर के चलते रियल एस्टेट में आएगी तेजी, 2026 तक 5.7 अरब डॉलर का होगा निवेश : रिपोर्ट



**मुंबई।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का चलन तेजी से बढ़ने के कारण 2026 तक भारत में अतिरिक्त 791 मेगावाट की डेटा सेंटर की क्षमता की आवश्यकता होगी। इसके लिए 10 मिलियन स्क्वायर फीट एरिया की मांग रियल एस्टेट सेक्टर में देखने को मिल सकती है। यह करीब 5.7 अरब डॉलर का निवेश इस सेक्टर में आकर्षित कर सकता है। शुक्रवार को आई एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया।

जेएलएल रिसर्च की रिपोर्ट में बताया गया कि एआई का चलन तेजी से बढ़ रहा है। भारत में डेटा सेंटर की मांग 2024-26 तक 650 से लेकर 800 मेगावाट तक रह सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, 2027 तक भारत 5 ट्रिलियन डॉलर के आकार के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसमें डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत होगा। जेएलएल इंडिया के आरईआईएस में मुख्य अर्थशास्त्री और अनुसंधान एवं प्रमुख, डॉ. सामंतक दास ने कहा कि 2026 तक भारत में डेटा सेंटर की मांग 1,645 मेगावाट तक रह सकती है, जो कि 2023 में 853 मेगावाट के करीब थी। इससे 10 मिलियन स्क्वायर फीट एरिया की मांग पैदा होगी, जोकि 5.7 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करेगी। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत सरकार की ओर से एआई मिशन के तहत इनोवेशन, लोगों की स्किल बढ़ाने और एआई तकनीक के सही इस्तेमाल के लिए एआई मिशन भी लॉन्च किया गया है। क्लाउड सेवा प्रदाता (सीएसपी), जो मुख्य रूप से इंटरनेट के माध्यम से पहुंच योग्य डेटा स्टोरेज और कंप्यूटिंग शक्ति के लिए आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम की पेशकश करते हैं, एआई की जुड़ी मांग को ध्यान में रखते हुए क्षमता को फिर से तैयार किया है।

जेएलएल इंडिया के डेटा सेंटर लीजिंग के एपीएसी लीड और डेटा सेंटर एडवाइजरी के हेड, रचित मोहन ने बताया कि एआई के आने से पावर प्रोसेसिंग और डेटा वॉल्यूम में काफी वृद्धि देखने को मिली है। इसके कारण एनर्जी, प्रोसेसिंग और कूलिंग की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नए डेटा सेंटर्स के विकास की आवश्यकता है।

# केंद्र सरकार की गेहूं खरीद जोरों पर, पिछले साल का आंकड़ा पार



**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि चालू रबी विपणन सीजन (करंट मार्केटिंग सीजन) के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न राज्यों में गेहूं की खरीद बीते साल के आंकड़े को पार कर गई है। सरकार अब तक 262.48 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद चुकी है। जबकि बीते साल की कुल खरीद 262.02 लाख मीट्रिक टन थी। रबी विपणन सीजन 2024-25 के दौरान कुल 22.31 लाख किसानों को लाभ हुआ है।

एमएसपी के तहत कुल 59,715 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। खरीद में सबसे बड़ा योगदान पांच राज्यों से आया है। पंजाब 124.26 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) की खरीद के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद हरियाणा 71.49 एलएमटी और मध्य प्रदेश 47.78 एलएमटी के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा। जबकि राजस्थान 9.66 एलएमटी के साथ चौथे और उत्तर प्रदेश 9.07 एलएमटी के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

खाद्य मंत्रालय के मुताबिक, चावल की खरीद भी सुचारू रूप से चल रही है। खरीफ विपणन योजना 2023-24 के दौरान अब तक 98.26 लाख किसानों से सीधे 489.15 एलएमटी चावल के बराबर 728.42 एलएमटी धान की खरीद की गई है, जिससे एमएसपी निकासी लगभग 1,60,472 करोड़ रुपये हुई है। केंद्रीय पूल में गेहूं और चावल का स्टॉक अब 600 एलएमटी से ज्यादा हो गया है।

इसके साथ देश पीएमजीकेएवाई और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत खाद्यान्न की अपनी जरूरतों को पूरा करने और बाजार हस्तक्षेप के लिए भी आरामदायक स्थिति में है।

## राशिफल

**मेष :** पिछले कुछ समय से की गई गलतियों से सीख लें और आगे बढ़ें। इस तरह की कोशिश करने से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा तथा संबंधों में भी मधुरता बढ़ेगी।

**वृष :** आज का ग्रह गोचर आपके लिए भाग्योदय स्थितियां बना रहा है। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। साथ ही प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात से लाभ और मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मिथुन :** प्रतिष्ठित लोगों के साथ संपर्क में रहे। उनके सानिध्य में आप भविष्य संबंधी कई योजनाओं को साकार कर पाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संबंधी योजनाएं बनेंगी।

**कर्क :** कॉल या ईमेल से कोई शुभ सूचना मिलने से उमंग और प्रफुल्लित महसूस करेंगे आप पूरी मेहनत व परिश्रम से हर एक कार्य को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

**सिंह :** आर्थिक स्थिति तो सामान्य ही रहेगी परंतु आप अपना बजट संतुलित बनाकर रखने में सफल भी रहेंगे। अपनी योग्यता पर विश्वास रखकर आगे बढ़ते रहें।

**कन्या :** दिन कुछ मिला-जुला व्यतीत होगा। आप विवेक और चतुराई से विपरीत परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**तुला :** कुछ राजनैतिक या प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आपका लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा भी बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** धार्मिक और आध्यात्मिक कामों में रुचि रहेगी। आपका सिद्धांतवादी नजरिया समाज में आपको सम्मानजनक माहौल करेगा।

**धनु :** आपके लिए कुछ सम्मानजनक तथा धनदायक स्थितियां बनेंगी। इस लाभदायक ग्रह स्थिति का भरपूर लाभ ले।

**मकर :** आज ग्रह स्थिति काफी संतोषजनक है। हर काम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, आज आपकी बेगुनाही उनके सामने साबित होगी।

**कुंभ :** आज कुछ दिक्कतें आने के बावजूद सकारात्मक नजरिये और संतुलित सोच के साथ आगे बढ़ते जाएंगे और अपने कामों को समय पर पूरा करने में सक्षम रहेंगे।

**मीन :** कोई उधार दिया हुआ या रुके हुए पैसे की वापसी होगी। आर्थिक समस्या के हल हो जाने से सुकून मिलेगा।

## चुटकुले

सुबह की चाय के साथ पत्नी बहुत सारी दवाईयां लेकर आई...
पत्नी (अपने पति से) - ये लो चाय के साथ कॉल्पोल खालो।
पति - नहीं मुझे बुखार नहीं है।
पत्नी - तो डाइजीन ले लो।
पति - नहीं मुझे गैस भी नहीं है।
पत्नी - तो फिर पुदीनहरा ले लो।
पति - नहीं मेरा पेट भी ठीक है।
पत्नी - लो कॉम्बिफ्लेम ही ले लो, हाथ-पैर दुखना बंद हो जाएगा।
पति - अरे कमाल करती हो, मुझे कुछ नहीं हुआ है, मैं एकदम ठीक हूं, तंदुरुस्त हूं।
पत्नी - तो फटाफट उठो, सफाई के साथ बहुत काम करना है...!

---

एक शादीशुदा आदमी ने अपनी कविता में लिखा
मांग भरने की सजा कुछ इस कदर पा रहा हूं...!
कि मांग पूरी करते-करते खुद मांग के खा रहा हूं...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- 1 जनवरी 2017 तक, नाइजीरिया की आबादी 189,559,502 लोगों की अनुमानित थी। नाइजीरिया अफ्रीका में सबसे अधिक आबादी वाला देश है और दुनिया में सातवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है।
- तीसरा मुख्यभूमि ब्रिज, जो मुख्य भूमि पर लागोस को जोड़ता है, अफ्रीका में सबसे लंबे पुलों में से एक है!
- नाइजीरिया की अधिकारिक मुद्रा को नायर कहा जाता है।
- फुटबॉल, या संयुक्त राज्य अमेरिका में सॉकर, देश के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। इसकी राष्ट्रीय टीम ने अफ्रीका कप को तीन बार जीता है।
- नाइजीरिया के तीन सबसे धनी पास्टरों ने मार्च 200 9 और मार्च 2011 के बीच निजी जेट्स पर $ 60 मिलियन से ज्यादा खर्च किए थे।
- अबूजा नाइजीरिया की राजधानी है। यह एक योजनाबद्ध शहर है और इसे मुख्य रूप से 1 9 80 के दशक में बनाया गया था, 12 दिसंबर 1 99 1 तक देश की सबसे अधिक आबादी वाला शहर लागोस था।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सियासत में मन की कामना पूरी हो इसके लिए सियासत वाले पूरी आस्था, श्रद्धा से देवी दर पर माथा टेकते हैं और मन की मनोकामना पूरी होने की स्पेशल विश मांगते हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया ने मां विंध्यवासिनी देवी सिद्धपीठ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## आरबीआई का लाभांश सकारात्मक

# इसके इस्तेमाल से नई सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट होंगी



**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स के एशिया-प्रशांत सॉवरेन्स निदेशक जेरेमी जूक ने कहा कि निरंतर घाटे में कमी, खासकर अगर टिकाऊ राजस्व बढ़ाने वाले सुधारों द्वारा समर्थित होत तो मध्यम अवधि में भारत की रेटिंग बुनियादी बातों के लिए सकारात्मक होगी। आरबीआई से 2.1 लाख करोड़ रुपये का अप्रत्याशित लाभांश देश की राजकोषीय स्थिति के लिए 'सकारात्मक' है और इसका इस्तेमाल नई सरकार की राजकोषीय प्राथमिकताओं को स्पष्ट करेगा।

वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने शुक्रवार को यह बात कही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल ने इस सप्ताह की शुरूआत में 2023-24 में अर्जित मुनाफे से सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का फैसला किया। यह सरकार द्वारा निर्धारित बजट 1.02 लाख करोड़ रुपये से दोगुने से भी अधिक है। फिच रेटिंग्स के एशिया-प्रशांत सॉवरेन्स निदेशक जेरेमी जूक ने कहा कि निरंतर घाटे में कमी, खासकर अगर टिकाऊ राजस्व बढ़ाने वाले सुधारों द्वारा समर्थित होत तो मध्यम अवधि में भारत की रेटिंग बुनियादी बातों के लिए सकारात्मक होगी। जूक ने ईमेल के जरिए पीटीआई से कहा, लाभांश का उपयोग चाहे इसे बचाया जाए या अतिरिक्त खर्च के लिए किया जाए...सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं के बारे में संकेत प्रदान कर सकता है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# कोई प्रेशर नहीं लेना चाहते सैमसन, कमिंस खिताब जीतने के लिए 'बेताब'




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का क्वालीफायर-2 मैच 24 मई को राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। एक तरफ संजू सैमसन हैं जो इस हाई-वोल्टेज मुकाबले का कोई प्रेशर नहीं लेना चाहते, जबकि पैट कमिंस आईपीएल ट्रॉफी जीतने के लिए बेताब हैं। संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स ने टूनार्मेंट में बने रहने के लिए अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एलिमिनेटर में हराया। वहीं दूसरी ओर, कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद क्वालीफायर 1 में लीग चरण की अपनी लय जारी रखने में विफल रही और मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से हार गई। अब क्वालीफायर-2 से पहले, सैमसन ने कहा कि वह कप्तानी का कोई दबाव नहीं लेना चाहते और टीम में योगदान देने के लिए 'पूरी तरह से स्वतंत्र' महसूस करना चाहते हैं। स्टार स्पोर्ट्स के एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में सैमसन ने कहा, मैं खुद को एक बहुत ही सक्रिय कप्तान के रूप में मानता हूं। मैं अपने अंदर बदलाव करता रहता हूं, जो नया है उसे अपनाता रहता हूं। मेरी टीम की जो जरूरत है, मैं उसे पूरा करता हूं। मैंने 50 से अधिक मैचों में राजस्थान की कप्तानी की है और अब इससे मुझे अच्छा अनुभव मिला है। अलग-अलग खिलाड़ियों को कैसे प्रबंधित किया जाए और खेल की विभिन्न स्थितियों को कैसे समझा जाए। मैच को मैच की आखिरी गेंद पर नहीं जीता जाता है, यह विभिन्न चरणों में जीता जाता है। अब, मैं सिर्फ वास्तविक होना चाहता हूं, एक कप्तान के रूप में पूरी तरह से फ्री होकर खेलना चाहता हूं। मुझे लगता है कि हमें अपना बेस्ट देना चाहिए और नतीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहिए। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने कहा कि वह फ्रेंचाइजी प्रशंसकों के लिए आईपीएल खिताब जीतना चाहते हैं। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, आप किसी भी टीम में खेल रहे हों, चाहे आप कप्तान हों या खिलाड़ी, हमेशा उम्मीदें बड़ी होती हैं। हम जानते हैं कि प्रशंसक कितने भावुक होते हैं, आप मैदान पर आते हैं और यह फैंस से खचाखच भरा हुआ दिखता है। इसलिए, यह कोई नई बात नहीं है, हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने जा रहे हैं। टी20 एक कठिन प्रारूप है। आपने कुछ अद्भुत जीत हासिल की है, आपको कुछ कठिन हार भी मिली है। बस इतना जान लीजिए कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं और अपने फैंस के लिए ट्रॉफी को जीतने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। राजस्थान और हैदराबाद के बीच मैच का विजेता रविवार को उसी स्थान पर आईपीएल फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगा।

# दिनेश कार्तिक के संन्यास पर धवन ने लिखा भावुक पोस्ट



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने अंडर-19 और भारतीय टीम के साथी दिनेश कार्तिक को उनकी 'अविश्वसनीय यात्रा' के लिए बधाई दी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के प्लेऑफ से बाहर होने के बाद दिनेश कार्तिक ने अपनी आईपीएल पारी समाप्त की। अब वो आईपीएल में नहीं खेलेंगे। शिखर धवन ने दिनेश कार्तिक को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और जोश की सराहना की है। शिखर धवन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, भाई, हमारे अंडर-19 दिनों से लेकर अब तक, यह कड़ी मेहनत और उपलब्धियों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। आपका समर्पण हमेशा प्रेरणादायक रहा है। मुझे वह ऊर्जा पसंद है जो आप टीम में लाते हैं। आपका अगला अध्याय आपके क्रिकेट करियर की तरह शानदार रहे। बेंगलुरु ने भी फ्रेंचाइजी के लिए कार्तिक के योगदान को स्वीकार किया और सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट साझा किया। बेंगलुरु ने एक्स पर लिखा, दिनेश कार्तिक, हम आपको अपने खेल में शीर्ष पर बने रहने की आपकी प्रतिबद्धता, हर मैच में आपके द्वारा लाई गई ऊर्जा, उन गगनचुंबी छक्कों, निर्णायक फिनिश और शानदार ग्लव वर्क के लिए आपको सलाम करते हैं। आप हमारे लिए हमेशा डीके बॉस रहेंगे, भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं, डीके 19! राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच, जिसे बेंगलुरु चार विकेट से हार गई, कार्तिक के आईपीएल करियर का आखिरी मैच था। 257 आईपीएल मैचों में, उन्होंने 17 वर्षों में छह फ्रेंचाइजी के लिए अपने कार्यकाल में 22 अर्धशतक सहित 4,842 रन बनाए। उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ आईपीएल में डेब्यू किया और आरसीबी में शामिल होने से पहले किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए भी खेले। आईपीएल 2024 में उन्होंने 15 मैचों में 36.22 की औसत और 187.36 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 326 रन बनाए। दिनेश कार्तिक आईपीएल के शुरूआती सीजन से अब तक खेलने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे। उन्होंने 257 मैचों में 22 अर्धशतक लगाकर 4,842 रन बनाए। कार्तिक आईपीएल के इतिहास में टॉप 10 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस दौरान कार्तिक ने 147 कैच और 37 स्टंप भी किए। दिनेश कार्तिक का इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू एमएस धोनी से पहले हुआ था। दिनेश कार्तिक ने नवंबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। वहीं वनडे डेब्यू 5 सितंबर 2004 को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में किया। वहीं टी20 डेब्यू 1 दिसंबर 2006 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जोहान्सबर्ग में किया था।

# अमेरिका ने टी 20 में बांग्लादेश के खिलाफ बनाई 2-0 की अपराजेय बढ़त




**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** अमेरिका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बांग्लादेश को दूसरे टी 20 मुकाबले में गुरूवार को छह रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत के सौरभ नेत्रवलकर और पाकिस्तान के अली खान की जोड़ी ने आपस में पांच विकेट लेकर अमेरिका को यादगार जीत दिलाई। मुम्बई और भारत अंडर 19 के पूर्व खिलाड़ी नेत्रवलकर ने बांग्लादेश को शुरूआती झटके देते हुए तीन ओवर में 15 रन पर दो विकेट झटके जबकि पाकिस्तान में जन्मे और 16 वर्ष की उम्र में अमेरिका आ गए अली खान ने 3.3 ओवर में 25 रन पर तीन विकेट लिए और अमेरिका के 144 रन के मामूली स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव कर लिया। नेत्रवलकर ने बांग्लादेश को पहला झटका दिया जबकि अली खान ने शाकिब अल हसन (23 गेंदों पर 30 रन) का बेशकीमती विकेट लिया। शेड्ली वान शाल्विक ने 21 रन पर दो विकेट लिए। जसदीप सिंह और कोरी एंडरसन ने एक-एक विकेट लेकर बांग्लादेश को 19.3 ओवर में 138 रन पर समेट दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने पर अमेरिका 20 ओवर में 144/6 रन ही बना पाया, लेकिन उसके गेंदबाजों ने इस स्कोर का भी बचाव कर लिया। बांग्लादेश की तरफ से शरीफुल इस्लाम (2-29), मुस्तफिजुर रहमान (2-31) और रिशद हुसैन(2-21) ने दो-दो विकेट लिए। अमेरिका की तरफ से कप्तान मोनांक पटेल ने 38 गेंदों में सर्वाधिक 42 रन बनाये जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल था। कोरी एंडरसन ने 10 गेंदों में 11 रन का योगदान दिया। अमेरिका की कसी गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश का स्कोर पांच ओवर में 30/2 और 15 वें ओवर तक 106/5 रन हो गया। शाकिब के क्रीज पर रहते बांग्लादेश की उम्मीद बनी हुई थी लेकिन उनके आउट होते ही बांग्लादेश छह रन से मैच हार गया।

# ग्रीम स्वान ने केकेआर को बताया आईपीएल खिताब का दावेदार



**नई दिल्ली।** पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर और राजस्थान रॉयल्स के पूर्व सदस्य ग्रीम स्वान ने कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल 2024 के लिए खिताब का दावेदार माना है। केकेआर ने पहले क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को अहमदाबाद में आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बाहर कर क्वालीफायर दो में जगह बनायी थी जहां उसका सामना शुक्रवार को एसआरएच से होगा। स्वान ने 'आईएएनएस' से कहा, केकेआर वो टीम है जो फाइनल में ट्रॉफी उठाएगी। उन्होंने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण सभी क्षेत्र कवर कर रखे हैं। उन्होंने आईपीएल के इस सत्र में दबदबा बनाया है और गौतम गंभीर के प्रमुख कोच के रूप में रहते वे सर्वश्रेष्ठ हैं।" मंगलवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, क्वालीफायर एक के मैच की दूसरी गेंद पर ट्रेविस हेड को आउट करने के बाद, स्टार्क ने पांचवें ओवर में लगातार गेंदों पर नीतीश कुमार रेड्डी और शाहबाज अहमद को आउट कर एसआरएच को मुश्किल में डाल दिया।

कुल मिलाकर, स्टार्क ने 3-34 विकेट हासिल किए और क्वालीफायर 1 में बड़ी जीत के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्टार्क के फॉर्म में वापस आने पर स्वान ने अन्य टीमों को चेतावनी दी कि वे स्टार ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज से डरें क्योंकि वह जानते हैं कि फाइनल के दबाव को कैसे संभालना है। उन्होंने कहा, वह (मिशेल स्टार्क) फॉर्म में वापस आ गए हैं और जो भी फाइनल में पहुंचता है, यह अन्य टीमों के लिए खतरा है। वह जानता है कि बड़े मैचों के दबाव को कैसे संभालना है, उसने उस स्थिति में बहुत खेला है और घातक होगा।

उसके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि उसके पास तेज गति है और इनस्विंग गेंद के साथ वह दुनिया के किसी भी बल्लेबाज को हरा सकते हैं। हम पहले ही देख चुके हैं कि उसने अपने साथी ट्रेविस हेड के साथ क्या किया, जो इस सीजन में अपने जीवन के शानदार फॉर्म में है, इसलिए, अन्य टीमों को मेरी सलाह है कि स्टार्क के खिलाफ सावधानी से खेलें और गेंद पर चार्ज कर उसकी स्विंग को कम करने का प्रयास करें।"

स्वान ने पैट कमिंस की अगुवाई वाली एसआरएच को सलाह दी कि वह आरआर के खिलाफ एलिमिनेटर में किसी भी तरह के दबाव में न रहें और अपनी आक्रामक शैली में खेलें जैसा कि वे पूरे सीजन में खेलते रहे हैं। हालांकि, स्वान ने संजू सैमसन के कप्तानी कौशल की प्रशंसा करते हुए फाइनल में पहुंचने के लिए राजस्थान को अपनी पसंदीदा टीम चुना।

एसआरएच ने पूरे टूनार्मेंट में दबदबा बनाया है और आक्रामक खेल दिखाया है, यही कारण है कि वे प्लेऑफ में हैं। केकेआर के खिलाफ मैच में कमिंस का पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प खराब था, उन्हें मैच में लक्ष्य का पीछा करना चाहिए था क्योंकि अहमदाबाद में परिस्थितियां अलग थीं-- ओस थी, स्विंग गेंदबाजों के लिए कोई मदद नहीं थी और इसका उन्हें उल्टा असर पड़ा।

इसलिए मेरी उन्हें सलाह है कि वे क्रिकेट के अपने आक्रामक स्वभाव को जारी रखें और बल्लेबाजों को चेन्नई में लक्ष्य का पीछा करने के लिए कहें। लेकिन मेरे लिए मैं चाहूंगा कि आरआर मैच जीते और फिर फाइनल में पहुंचे, यह देखने के लिए एक बड़ा मैच होगा।

# टॉप सीड हान युई को हराकर सिंधु सेमीफाइनल में



**कुआलालम्पुर।** भारत की शीर्ष शटलर पीवी सिंधु ने टॉप सीड चीन की हान युई को शुक्रवार को तीन गेमों के संघर्ष में हराकर मलेशिया मास्टर्स, बीडब्लूएफ 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 2022 में सिंगापुर ओपन जीतने के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में जुटी सिंधु ने विश्व की छठे नंबर की खिलाड़ी युई को 21-13 14-21 21-12 से पराजित कर दिया। सिंधु पिछले महीने चीन में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पहली बार युई से तीन गेमों में हार गई थीं। 28 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का वर्ष का यह सातवां टूनार्मेंट है। वह फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में चोट से उबरकर लौटीं। सिंधु की धीमी और स्थिर प्रगति ने उन्हें मलेशिया मास्टर्स में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंचने में मदद की। वह सात महीने में अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंचीं। वह आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल चरण में पहुंची थीं। भारतीय का अगला मुकाबला थाई शटलर बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा, जिन्होंने पुत्री कुसुमा वदार्नी को 21-12, 21-23, 21-16 से हराया। सिंधु थाई खिलाड़ी से करियर मुकाबलों में 17-1 से आगे हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने लगातार पांच अंक हासिल कर 16-13 की बढ़त से पहला गेम जीत लिया। लेकिन चीनी खिलाड़ी ने वापसी की और दूसरे गेम में 15-3 की बढ़त बना ली। हालांकि सिंधु 18-13 से अंतर को कम करने में सफल रही, लेकिन शुरूआती घाटे को कम करने में विफल रही और उन्हें निर्णायक गेम खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। दूसरा गेम हारने के बावजूद, सिंधु ने निर्णायक गेम में अपना संयम बनाए रखते हुए जीत सुनिश्चित की और अंतिम गेम में युई को 21-16 से हरा कर 55 मिनट में मैच जीत लिया। सिंधु ने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, तीसरा गेम हम दोनों के लिए महत्वपूर्ण था। पहली रैली से, मैंने सुनिश्चित किया कि मैं खेल पर केंद्रित करूं और आसान अंक नहीं दिए। मैं नियंत्रण में थी और मुझे जीत का भरोसा था। मैं अपने खेल से खुश हूं क्योंकि मैं उनसे अपना आखिरी मैच हार गई थी, यह शर्म की बात थी क्योंकि मैं आगे चल रही थी, लेकिन यह जीत एक बदले की तरह है।" मैं तीन गेमों के लिए तैयार थी, मैं लंबी रैलियों के लिए तैयार थी। इस स्तर पर, आप सीधे मैच की उम्मीद नहीं कर सकते। शीर्ष 10 खिलाड़ी उच्चतम मानकों के हैं, आप इसे आसानी से नहीं ले सकते। यह अच्छा है कि मैं सेमीफाइनल में पहुंची हूं, इससे मुझे बहुत आगे तक जाने का आत्मविश्वास मिला है। पेरिस 2024 दो महीने दूर है, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता - रियो 2016 (रजत) और टोक्यो 2020 (कांस्य) - को विश्वास है कि वह समय के साथ अपने चरम पर पहुंच सकती है। अन्य महिला एकल मैच में, अश्मिता चालिहा छठी वरीयता प्राप्त चीन की झांग यी मैन से सीधे गेम में हार गईं, जिससे क्वार्टर फाइनल में उनका अभियान समाप्त हो गया। चालिहा को दुनिया के 16वें नंबर की चीनी खिलाड़ी के हाथों 30 मिनट में 10-21,15-21 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इससे पहले दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी अमेरिका की बेइवेन झांग को 21-19, 16-21, 21-12 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की थी। इसका मतलब है कि सिंधु अब बीडब्लूएफ सुपर 500 टूनार्मेंट में एकमात्र भारतीय बची हैं।

# पुरुष हॉकी : बेल्जियम ने भारत को 4-1 से हराया




**एंटवर्प।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 1-4 से हार गई। भारत के लिए अभिषेक (55') ने एकमात्र गोल किया, जबकि बेल्जियम के लिए फेलिक्स डेनेयर (22'), अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (34', 60') और सेड्रिक चार्लियर (49') ने गोल दागे। शुरूआती समय से ही बेल्जियम अटैकिंग दिख रहा था। हालांकि, उनका सामना एक मजबूत डिफेंस से था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यह दबाव अच्छी तरह से संभाला और इस मुकाबले का पहला क्वार्टर 0-0 पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर की अच्छी और दमदार शुरूआत की। क्वार्टर के पहले तीन मिनट में भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसे गोल में तब्दील नहीं कर पाई, क्योंकि हरमनप्रीत के पावरफुल शॉट का बेल्जियम के गोलकीपर ने शानदार बचाव किया। हालांकि, आठ मिनट शेष रहने पर फेलिक्स डेनेयर (22') ने मैच का पहला गोल किया और बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिला दी। बार-बार आक्रमण के बावजूद, भारत हाफ टाइम तक अपना खाता खोलने में सफल नहीं रही। हाफ टाइम के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया, लेकिन बेल्जियम का डिफेंस काफी मजबूत था। तीसरे क्वार्टर में दोनों छोर पर काफी एक्शन देखने को मिला, लेकिन बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलने के बाद अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (34') के गोल की मदद से बढ़त दोगुनी की। तीसरे क्वार्टर के अंत में बेल्जियम ने भारत पर 2-0 से बढ़त बनाई। इसके बाद मैच में 15 मिनट शेष रहते ही, भारत ने पूरी जान लगा दी। लेकिन बेल्जियम ने सेड्रिक चार्लियर (49') के शानदार फील्ड गोल से अपनी बढ़त 3-0 कर ली। मैच के पांच मिनट शेष रहते हुए अभिषेक (55') ने भारत के लिए पहला गोल दागा। फिर, मैच के अंत में बेल्जियम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (60') ने सफलतापूर्वक गोल में तब्दील किया। मैच बेल्जियम की 4-1 से जीत के साथ समाप्त हुआ। अब चाहे डिफेंस में चूक कहें या भारतीय खिलाडियों के अटैक में कमी, लेकिन इसका खामियाजा तो भारतीय टीम को भुगतना ही पड़ेगा। इस मुकाबले के दौरान जरमनप्रीत सिंह ने बेल्जियम के खिलाफ मैच के दौरान 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 25 मई को शाम 7:45 बजे एक बार फिर से बेल्जियम से भिड़ेगी।

## भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 0-2 से हारी




**एंटवर्प।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने दूसरे संघर्षपूर्ण मुकाबले में बेल्जियम से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। बेल्जियम के लिए एलेक्सिया 'टी'सेरस्तेवेन्स (34) और लुइस ड्वाइट (36) ने एक-एक गोल किया। भारत ने मुकाबले में आक्रामक शुरूआत की और जल्द ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाए। हालांकि भारत ने बेल्जियम पर दबाव बनाना जारी रखा जबकि बेल्जियम ने जवाबी हमले पर भरोसा किया लेकिन भारतीय डिफेंस ने मजबूती से मुकाबला किया और हर हमले को नाकाम कर दिया। हालांकि बेल्जियम को मैच की शुरूआत में गेंद पर कब्जे के लिए संघर्ष करना पड़ा था। मेजबान टीम ने पहले क्वार्टर के अंत में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे भारतीय गोलकीपर सविता ने बिना किसी परेशानी के बचा लिया। इस बीच भारत ने सर्कल में कुछ प्रवेश किए लेकिन नेट नहीं ढूंढ सके और पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। दूसरे कार्टर में बेल्जियम ने लगातार हमलों और पासिंग से दबाव बनाये रखा। भारत ने दबाव को बखूबी झेला और गेंद पर कब्जे तथा तेज पास से मैच का रुख अपनी तरफ रखने की कोशिश की। भारत ने बेल्जियम के डिफेंस को दो बार झकझोरा, लेकिन गतिरोध जारी रहा और पहला हाफ गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ। बेल्जियम तीसरे क्वार्टर में आक्रामक अंदाज में उतरा और उसने दो मिनट में एलेक्सिया 'टी'सेरस्तेवेन्स (34) और लुइस ड्वाइट (36) की मदद से दो मैदानी गोल कर 2-0 की बढ़त बना ली। इस बीच भारत ने वापसी करने की कोशिश की और तीसरे क्वार्टर के अंत में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन उसका फायदा नहीं उठा पाए। चौथे क्वार्टर में भारत ने बेल्जियम के डिफेंस की परीक्षा ली लेकिन मेजबान ने सफलतापूर्वक अपनी बढ़त का बचाव किया। भारत काफी कोशिश के बावजूद बेल्जियम का नेट नहीं ढूंढ सका और मैच बेल्जियम के पक्ष में 2-0 के साथ समाप्त हुआ।

# बेंगलुरु की हार पर रायडू ने कहा, 'पर्सनल माइलस्टोन नहीं, टीम पर करें फोकस'




**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हराने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सेलिब्रेशन और एग्रेशन देखकर अंबाती रायडू कमेंटरी के दौरान रो पड़े थे, लेकिन अब क्वालीफायर 2 में बेंगलुरु की हार के बाद रायडू ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। अंबाती रायडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य खिलाड़ियों पर टीम के आगे पर्सनल माइलस्टोन पर फोकस रखने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया 'एक्स' पर रायडू ने लिखा, मैं वास्तव में उन सभी बेंगलुरु समर्थकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने वर्षों से उत्साहपूर्वक टीम का समर्थन किया है। यदि टीम मैनेजमेंट और लीडर्स अपने पर्सनल माइलस्टोन से पहले टीम के बारे में सोचते... तो आरसीबी ने कई खिताब जीते होते। मुझे सच में बेंगलुरु फैंस के लिए बुरा लगता है। सोशल मीडिया 'एक्स' पर रायडू की पोस्ट में आगे लिखा है, याद करिए कितने शानदार खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी ने जाने दिया। अपने मैनेजमेंट पर दबाव डालिए कि वो ऐसे खिलाड़ियों को टीम में वापस लाएं, जो टीम के बारे में सोचें। मेगा ऑक्शन में एक नया अध्याय शुरू हो सकता है। रायडू के शानदार 12 साल के आईपीएल करियर में उन्होंने छह बार (मुंबई के साथ तीन, सीएसके के साथ तीन) ट्रॉफी जीती, जिससे वह रोहित शर्मा के बाद छह बार ट्रॉफी जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। आईपीएल 2024 से आरसीबी के बाहर होने के बाद, चेन्नई के प्रशंसकों और खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर उस टीम को ट्रोल किया है जो अभी भी अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी की तलाश में है। इंस्टाग्राम पर रायडू ने गुरुवार को एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें रवींद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, मोइन अली और डेवोन कॉन्वे अपने पिछले साल के आईपीएल खिताब का आनंद ले रहे हैं और अपने हाथों से पांच ट्रॉफी जीतने का इशारा दे रहे हैं। वीडियो पोस्ट करते हुए रायडू ने कैप्शन में लिखा, 5 बार की चैंपियन टीम के बारे में याद दिला रहा हूं। उन्होंने यह भी लिखा कि कभी-कभी सच्चाई दिखानी पड़ती है। दरअसल, अंबाती रायडू रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उस सेलिब्रेशन और एग्रेशन से नाराज थे, जो बेंगलुरु प्लेयर्स ने 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स को हराने के बाद किया था। फिर बेंगलुरु को बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिससे सीजन में उसका छह मैचों का विजयी अभियान समाप्त हो गया। साथ ही एक बार फिर ट्रॉफी जीतने का बेंगलुरु का सपना अधूरा रह गया।

# हाई कोर्ट ने निशानेबाज मानिनी कौशिक की पेरिस ओलंपिक के लिए ट्रायल की अपील खारिज की




**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने निशानेबाज मानिनी कौशिक की आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में 50 मी राइफल 3 पोजीशन के लिए चयन ट्रायल में भाग लेने की अपील शुक्रवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अपील को अनावश्यक मानते हुए खारिज कर दिया, क्योंकि ट्रायल पहले ही हो चुके हैं। पीठ ने कहा, अब बहुत देर हो चुकी है। आपकी प्रार्थना निष्फल है। यह खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ियों को ओलंपिक में भारत की संभावनाओं में बाधा डालने से बचने के लिए अभ्यास और प्रतियोगिता की तैयारी पर ध्यान देने की जरूरत है। कौशिक के वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया कि उनके साथ गलत व्यवहार किया गया और एकल न्यायाधीश का निर्णय गलत जानकारी पर आधारित था। हालांकि, अदालत ने कहा कि ट्रायल 22 अप्रैल से 19 मई के बीच हुए और बताया कि उसे बाहर किये जाने के संबंध में कोई भी शिकायत जल्द ही उठाई जानी चाहिए थी। इससे पहले 15 मई को, एकल न्यायाधीश ने कौशिक की उन्हें बाहर किये जाने के खिलाफ प्रारंभिक याचिका को खारिज कर दिया था कौशिक ने इस आधार पर उन्हें बाहर किये जाने का विरोध किया था कि नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने 2023 में नए चयन मानदंड पेश किए थे, जिसके बारे में उनका दावा था कि इससे उनकी पात्रता में गलत तरीके से बदलाव आया है। कौशिक ने तर्क दिया कि मूल मानदंडों के तहत, वह ट्रायल के लिए शीर्ष पांच उम्मीदवारों में से एक होती, क्योंकि तीन अन्य निशानेबाज जिनके पास ओलंपिक खेलों (क्यूआरओजी) के अंकों के लिए आवश्यक योग्यता रैंकिंग की कमी थी, उन्हें बाहर कर दिया गया होता। हालांकि, एकल न्यायाधीश ने पाया कि 2023 मानदंडों को चुनौती नहीं दी गई थी और उनके संशोधन के लिए एक वैध तर्क था। अदालत ने यह भी कहा कि रियो डी जेनेरो में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप राइफल में भाग लेने की अनुमति नहीं दिए जाने के बारे में कौशिक की शिकायत का कोई खास महत्व नहीं है और वह एनआरएआई के फैसले का समर्थन करती है। इस प्रकार, अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि चयनित एथलीटों को बिना किसी कानूनी बाधा के अपनी तैयारी जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए।

भारी पुलिस फोर्स रही तैनात

# गंगनहर पटरी से सिचाई विभाग ने हटाया अतिक्रमण



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** सिचाई विभाग की टीम ने गंगनहर पटरी पर शनि मंदिर के पास से बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण हटा दिया। विरोध को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज लांबा ने बताया कि काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि गंगनहर पटरी पर शनि मंदिर के आसपास अस्थाई पक्की दुकान बनाकर अतिक्रमण कर रखा है जिस कारण लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले सभी दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में दुकानदारों से खुद अतिक्रमण हटाने को कहा गया था ,लेकिन किसी ने नहीं हटाया। शुक्रवार को जेई ब्रजराज ,ब्रजेश कुमार ,डीआरओ मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस फोर्स के साथ बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण हटा दिया गया है। कुछ दुकानदारों ने विरोध किया ,लेकिन पुलिस ने उन्हें शांत करा दिया।

# औद्योगिक क्षेत्र के विकास व सुधार के लिए मिलेंगे 19 करोड़ः मयूर माहेश्वरी





**साहिबाबाद , करंट क्राइम।** शुक्रवार को यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में पहुंच कर सड़क, पानी व बिजली की समस्याएं जानीं। सीईओ ने औद्योगिक क्षेत्र की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए 19 करोड़ रुपये का बजट देने की जानकारी दी। बताया कि आचार संहिता के बाद औद्योगिक क्षेत्र में सुधार संबंधी आवश्यक कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के साथ उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ मयूर माहेश्वरी द्वारा औद्योगिक एरिया साईट- 4 का औचक निरीक्षण किया गया। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के कार्यालय में संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव मुकेश गुप्ता द्वारा कुछ प्रमुख बिंदु सीईओ के समक्ष रखे गये। प्रमुख रूप से औद्योगिक क्षेत्र का फ्री होल्ड होना एवं रेंट परमिशन का सरलीकरण रेंट चार्ज 2 प्रतिशत से कम करके 0.5 प्रतिशत करना और विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करना जैसे प्रमुख मुद्दे रखे। वरिष्ठ सदस्य यशपाल सिंह द्वारा भी कुछ मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। कई प्रकरण को मयूर माहेश्वरी ने बिंदुवार निस्तारण किया। औद्योगिक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा पथ प्रकाश के लिए 1000 स्ट्रीट लाइट व 24 हाई मास्क लाइट लगाने के कार्य चल रहे हैं। इस अवसर पर विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर ओझा, उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण के आरएम प्रदीप सत्यार्थी , नगर निगम के अपर नगर आयुक्त, साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा, अध्यक्ष दिनेश मित्तल, उपाध्यक्ष अजीत तोमर, उपाध्यक्ष हनुमान लखोटिया, प्रबंध समिति सदस्य विमल मुंद्रा, वरिष्ठ सदस्य यशपाल सिंह, आरबी लांबा, एसपी चौहान, मनीष लूथरा, प्रवेश चोपड़ा, विवेक बग्गा, संजय जैन एवं एसोसिएशन कार्यालय प्रभारी चरनजीत सिंह मौजूद रहे।




## सात करोड़ के नाले में गिर गये पार्षद चार फिर पैमाने से हिस्से हुये थे यार

मौहल्ला प्रधानो के ईमान का हल्ला विकास नगरी में मचा पड़ा है। सबमर्सिबल रिपेयर से लेकर पैठ बाजार तक वो भागीदारी चाहते हैं। अगर वार्ड के ऊपर से जहाज भी गुजरा तो पूछा जायेगा इस उड़ान में हमारा क्या हिस्सा है। हिस्से के किस्से नाली खड़ंजें महकमें में गूंज रहे हैं। वार्ड वालो की बात चली तो पुराना रिकार्ड निकला और बताने वाले की जुबान से निकला कि हमने तो इन्हे मीटरों के हिसाब से कमीशन दिया है साहब। हमें कमीशनखोरों और चोरों से डर नही लगता हमें तो ईमानदारों से डर लगता हैं। बताने वाले ने बताया कि सात करोड़ का नाला बन रहा था और नाले की सीमा में चार वार्ड आ गये और सात करोड़ के नाले में चार पार्षद कूद गये। यहां बंटवारा विवाद ही मेंबरो में हो गया। सोल्यूशन भी टेंडरमैन ने सुझाया। तय हुआ कि जिसके वार्ड में जितने मीटर का नाला गुजरेगा उसे उतने मीटर के हिसाब से लिफाफा मिल जायेगा। जिसके वार्ड में सात मीटर नाला उसे सात मीटर के हिसाब से और जिसके वार्ड में बीस मीटर नाला उसे बीस मीटर के हिसाब से पेमेंट हो गई। सबको हिस्सा मिल गया सब के सब खुश। बताने वाले ने बताया पानी की पाइप लाइन का भी बंटवारा ऐसे ही हुआ था

## दो वार्डो के बार्डर पर आ गया पैंठ बाजार तो मथंली बनी तीस तीस हजार

कुछ तो आग है जो ये धुंआ उठ रहा है वरना मेयर तो आशा शर्मा भी रही हैं और मेयर तो अशु वर्मा भी रहे हैं लेकिन ऐसा तूफान नही आया कभी। जब एक वार्ड के मेंबर के खिलाफ केस दर्ज हुआ तो बाकी के वार्डो से भी आवाज आने लगी हैं। लोग बताने लगे हैं कि लहरवीर मेंबर अब पब्लिक पर ही कहर ढाने लगे हैं। बताने वाले ने बताया कि एक वार्ड ऐसा भी हैं जिसमें एक पैठ बाजार बार्डर पर आ गया। आधा बाजार इस फूल वाले के वार्ड में और आधा बाजार उस फूल वाले के वार्ड में। दोनो ही पहली बार के मेंबर और लर्निंग के साथ अर्निंग के फंडे पर काम कर रहे हैं। दोनो को हिस्सा चाहिये था तो दोनो ने पहले शिकायत की और पैंठ बाजार बंद कराया। कारोबार पर चोट लगी तो इस पैंठ बाजार का ठेकेदार सामने आया। उसने डैमेज को कंट्रोल करते हुये दोनो मेंबरों को मैबरों को मैनेज कर दिया। मेंबर भी पूरे प्रोफेशनल और गिन ली पैठ बाजार की एक एक टेबल और बता दिया कि एक लाख रूपसे मथं से कम नही। पैंठ बाजार वाले भी बारगेनिंग के मास्टर और उन्होने भी साठ पर मामला फाईनल किया और तीस इस वाले वार्ड को और तीस उस वाले वार्ड को मथंली तय कर दिये। ये मथंली उन की बंधी हैं जो कहते थे कि ना खायेगें ना खाने देगें अब वो कह रहे कि कमायेंगें और कमाने देगें

## कमल वालों से दिलदार तो हैंडपंप वाले निकले थे और घेर लिया था थाना

100 वाले सदन में 73 हैं और उनकी ही सरकार हैं लेकिन उनकी गुहार यहीं है कि उनकी कोई नही सुन रहा। पूरा भगवा सदन अपनी मुखिया सहित बबूल हो गया मगर अफसर कूल नही हुये और फूल वालों के तूल देने के बाद भी वो कतई कूल होने को तैयार नही है। यहां फूल वाले ने ही याद दिलाया कि कमल वालों से दिलदार तो हैंडपप वाले निकले थे और थाना घेर लिया था। ये उन दिनो की बात है जब हैंडपंप और फूल में चुनावी दोस्ती नही हुई थी और ध्वज प्रणाम वाले पैदल पैदल मौहल्ले में चल रहे थे। पथ को लेकर कुछ ऐसा हुआ था कि गुत्थम गुथ का सीन हो गया। एफआईआर की नौबत आई और जेल भेजने की बात चली तो हैंडपंप वालों ने थाना घेर लिया था। फिरये हुआ था कि चार दिन बाद ध्वज प्रणाम वालों के दफ्तर में ही मामले का फैसला हुआ था

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव से मिलने पहुंचे भाजपाई होने के बाद पंकज शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव से मिलने के लिए भाजपाई होने के बाद पंकज शर्मा उनके कार्यालय पहुंचे। हिमांशु लव हमेशा से सबकी खुशी सबके मंगल में शामिल होते हैं और जब पंकज शर्मा उनके कार्यालय पहुंचे तो यहां पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने उनका स्वागत किया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा आशीर्वाद उनके साथ है और भाजपा परिवार में उनका स्वागत है। इस अवसर पर प्रकाश यादव ने भी पटका पहनाकर स्वागत किया।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा ने शिमला के सोलन में किया चुनाव प्रचार







**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी और शिमला लोकसभा क्षेत्र के सोलन विधानसभा सेग्मेंट की ऑब्जर्वर डॉली शर्मा ने हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और सोलन विधायक डॉ. कर्नल धानी राम शांडिल्य के साथ मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरीके पक्ष में धुआंधार प्रचार किया। सोलन शहर के वार्ड नंबर 8 में हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और सोलन विधायक शांडिल्य के साथ सघन जनसंपर्क किया और कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के लिए वोट की अपील की। इससे एक दिन पहले उन्होंने कोटानल का दौरा किया और वहां भी सघन चुनाव प्रचार किया। इसके अलावा, पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलकर जमीनी फीडबैक लिया।




# 4 जून के बाद बदलेंगे कमिश्नरेट में कई एसीपी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों चर्चा चल रही है कि 4 जून के बाद कई एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ ही कई को जिम्मेदारी से मुक्त किया जा सकता है। कई को प्रमुख चार्ज पर भेजा जाएगा, सूत्र बता रहे हैं कि इसमें सिटी, देहात और ट्रांस हिंडन तीनों ही जोन में शामिल होंगे। जहां बदलाव नजर आएगा। सुनने में आ रहा है कि सिटी जोन में एक एसीपी का बदलाव लगभग तय है। तो देहात में यह संख्या दो से अधिक होगी और लगभग दो चेहरे ट्रांस हिंडन वाले जोन में भी बदलाव के शिकार होंगे। उधर बताया जा रहा है कि एक एसीपी जो अपने काम से अधिकारियों की नजरों में हैं, उनको अच्छा सर्किल मुहैया कराया जाएगा। तो एक नई उम्र वाले एसीपी साहब की भी उन्नति हो सकती है। सूत्र बता रहे हैं कि सिटी के सबसे टेंशन वाले सर्किल के एसीपी टॉप पर आ गए हैं। उनका वर्किंग स्टाइल और मैनेजमेंट सिस्टम इन दिनों पूरे कमिश्नरेट में अधिकारियों की जुबान पर है। खास बात यह है कि कमिश्नरेट से जाने वाले अधिकारी भी उनकी वर्किंग के आज भी कायल हैं। उधर सिटी में दो फेस को लेकर चर्चा है लेकिन ऑफिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी में बदलाव केवल एक ही होगा। जबकि नदियापार और देहात जोन को लेकर समीकरण जो बन रहे हैं, उसमें दो-दो एसीपी शामिल होंगे। जिनका तबादला लिस्ट में नाम रहना लगभग तय माना जा रहा है। इसके साथ ही चुनाव के ठीक बात गाजियाबाद कमिश्नरेट सिस्टम में दो से तीन नाम इन होने वाले हैं, जबकि तीन से चार नाम आउट होना लगभग तय बताया जा रहा है। सूत्रों पर भरोसा करें तो इन दिनों कमिश्नरेट के दो आईपीएस अधिकारी भी अपना यहां से सामान पैक करने का पूरा प्लान बना चुके हैं। इसी के साथ कमिश्नरेट वाले एडीसीपी साहब लोग भी अपने लिए नए जनपद की तलाश कर रहे हैं। उनको समझ नहीं आ रहा है कि 4 जून के बाद क्या होगा पर वह अपना मैनेजमेंट अभी से दुरुस्त कर रहे हैं ताकि तबादला लिस्ट शुरू होते ही वह उसमें सवार हो सकें। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्रों का दावा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 4 जून के बाद एसीपी स्तर के अधिकारियों के फेस और रिप्लेसमेंट वाली स्थिति बननी तय है। खास ऑफिस से लेकर खास लोगों के बीच इसकी चर्चा इन दिनों जमकर है। बताया जा रहा है कि एसीपी दो ऐसे हैं, जिनके प्लेस और फेस परमानेंट रहेंगे। उनका मैनेजमेंट और वर्किंग वाला स्ट्रांग पक्ष उनकी पोस्टिंग को पक्का कर रहा है। कुल मिलाकर पुलिस ऑफिस में इन दिनों साइड वर्क संभालने के बाद जल्द ही उनको अब तक की कमिश्नरेट की परफॉर्मेंस के बाद सर्किल का एसीपी बनाया जाएगा, यह सूत्र दावा कर चुके हैं। कुल मिलाकर सभी को अब 4 जून के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी स्तर के अधिकारियों की सर्किल से लेकर बदलाव वाली लिस्ट का वेट है।




# 26 कॉलोनियों के मकानों के मालिकाना हक का मुद्दा गरमाया, विधायक से की हस्तक्षेप की मांग



**मोदीनगर , करंट क्राइम।** मोदी समूह की 26 कॉलोनियों के मकानों के मालिकाना हक व नियमितीकरण की मांग का मुद्दा अब तेजी से गरमाता जा रहा है। जन अधिकार मोर्चें के पदाधिकारियों ने इस मुद्दे को लेकर क्षेत्रीय विधायक डॉ0 मंजू शिवाच से मुलाकात कर उन्हें अपनी मांगों से संबन्धित ज्ञापन सौंपा। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि इस संबध में उनकी ओर से शासन स्तर के अधिकारियों से लेकर पार्टी के जनप्रतिनिधियों से वार्ता की जा रही है। जन अधिकार मोर्चा ने आंदोलन की इस कड़ी में पहले पालिका चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली व ईओ नरेंद्र मोहन मिश्र के समक्ष इस मुद्दे को उठाया। उससे पूर्व एसडीएम व मेरठ की मंडलायुक्त को भी ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग रखी। इसी क्रम में मोर्च के प्रतिनिधिमंडल ने मोदी समूह की ओर से बेची जा रही भूसम्पत्ति को लेकर विधायक के समक्ष विरोध जाहिर किया और कहा कि जिस भूमि पर सरकार का अधिकार है, उसे भी मोदी समूह अपनी बताकर बेच रहा है, ऐसे में आरोपी प्रबंधको के खिलाफ कार्रवाई की जाये। मोर्चे के पदाधिकारियों ने विधायक से प्रकरण में हस्तक्षेप कर श्रमिकों के हित में कॉलोनियों के मकानों के नियमितीकरण कराये जाने की मांग उठाई है। इस दौरान अध्यक्ष देवव्रत धामा ने कहा कि ऐसी भूमि या संपत्ति को नगर पालिका में निहित किया जाये। इस दौरान पूर्व सभासद तेजपाल पोसवाल, कुलदीप सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मधुमेह निवारण शिविर का आयोजन 26 को

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारत में मधुमेह (शुगर) जैसी घातक महामारी व उससे उत्पन्न होने वाले प्राण घातक रोगों किडनी, हार्ट व लीवर आदि से राहत दिलाने के उद्देश्य से भारतीय योग संस्थान की मोदीनगर इकाई की ओर से 26 मई को यहां गिन्नी देवी मोदी कन्या महाविद्यालय परिसर में विशेष मधुमेह-निवारण शिविर एवं बचाव संबंधित उपायों पर विस्तृत चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजक व संस्था के जिला प्रधान नरेश शर्मा व जिला संगठन मंत्री वीके गुप्ता ने यहां एक संयुक्त वक्तव्य में बताया कि संस्थान के प्रधान योगरत्न देशराज गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। डॉ० केएन मोदी इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट के सचिव संदीप यादव व गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ० पूनम शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्स लेंगी।

# हिंडन में गोवंश मिलने पर लोगों ने किया हंगामा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हिंडन नदी में गोवंश के अवशेष मिलने पर शुक्रवार को लोगों ने पुल के पास हंगामा कर दिया और आरोपियों को पकड़ने की मांग की। सूरज पंडित ने बताया हिंडन में गोवंश मिलने पर लोगों ने हंगामा किया और पुलिस से ठोस कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि गाय का एक अवशेष एवं दो बछड़ों के अवशेष मिले। मौके पर नगर निगम की दो जेसीबी ने उनको निकाला गया और दफनाया गया। इस अवसर पर बादल, यश, विकास गुप्ता, मोहित पाल समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना दोबारा न हो इसलिए पुलिस को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

# सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज में योग प्राण विद्या सत्र आयोजित





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज डासना में गत दिवस योग प्राण विद्या के प्राचीन विज्ञान पर एक सत्र का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध वक्ता बीएम योगी ने योग प्राण विद्या की गहन शिक्षा पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि कैसे योग प्राण विद्या व्यक्ति के शरीर,मन और आत्मा को जीवंत करते हुए सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न कर दिव्य सम्बंधों की भावना को बढ़ावा देती है। एसडीजीआई के पूर्व महानिदेशक तथा विशिष्ट अतिथि जमील अहमद ने छात्रों को बताया कि जिंदगी के सफर को कैसे खूबसूरत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने परिवार, संगठन और राष्ट्र के लिए एक अमूल्य संपत्ति होना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग प्राण विद्या के अभ्यास से छात्रों की अवधारणा शक्ति, ध्यान और संवेदनशीलता बढ़ सकती है जिससे उनका अध्ययन और समस्याओं का समाधान करने की क्षमता में सुधार होता है। कार्यक्रम में सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज और स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। निदेशक प्रो.डॉ. शालिनी शर्मा ने सत्र का समापन करते हुए आभार व्यक्त किया। एसडीजीआई के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष, अखिल अग्रवाल, कुलपति प्रो. डॉ शक्ति कुमार और पीयूष श्रीवास्तव ने ऐसे ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित करने के लिए फार्मेसी टीम की सराहना की।

# श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिनः संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं

**साहिबाबाद ,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम सुपरटेक आइकॉन न्याय खंड 1 में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को कथा व्यास अशोक शर्मा ने भगवान कृष्ण के जन्म एवं लीलाओं की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

श्री मद्भागवत कथा का आयोजन बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया जा रहा है। कथा से पूर्व सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। कथा का आयोजन सुपरटेक आइकॉन धार्मिक समिति की ओर से किया जा रहा है।

कथाव्यास ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता। इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करना





सौभाग्य की बात है। जहां भी कथा होती है वहां जाता हूं। भागवत कथा क्या सही है और क्या गलत है यह बताती है।

# सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष में जाएंगी। बोइंग के स्टारलाइनर की लॉन्चिंग 1 जून से 5 जून के बीच हो सकती है। पहले ये अंतरिक्षयान इस महीने की शुरूआत में लॉन्च होने वाला था, लेकिन तकनीकी खराबी की वजह से यह लॉन्चिंग टल गई थी।

सुनीता विलियम्स 41 साल की उम्र में पहली बार साल 2006 में नासा के एक्सपेडिशन-14 के तहत अंतरिक्ष में गईं थी, वहां उन्होंने चार बार स्पेस वॉक भी किया। इसके बाद वे 2012 में नासा के ही एक्सपेडिशन-33 मिशन के तहत दूसरी बार अंतरिक्ष में गईं। इस बार सुनीता विलियम्स निजी कंपनी बोइंग के स्टारलाइनर एयरक्राफ्ट से अंतरिक्ष जा रही हैं। सुनीता अंतरिक्ष में कुल 322 दिन गुजार चुकी हैं।

## सुनीता के साथ बुच विल्मोर भी जाएंगे अंतरिक्ष



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक बयान में कहा है नासा, बोइंग और यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के मिशन मैनेजर्स बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान की लॉन्चिंग की समीक्षा कर रहे हैं। यह बोइंग क्रू टेस्ट फ्लाइट अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरेगी। स्पेसक्राफ्ट की लॉन्चिंग 1 जून से छह जून के बीच हो सकती है। बीते दिनों बोइंग के स्टारलाइन अंतरिक्षयान के प्रोपल्शन सिस्टम में खामी का पता चला था। दरअसल अंतरिक्षयान में हीलियम गैस लीक हो रही थी। नासा ने बताया कि जो खामी का पता चला था, उसे ठीक करने की कोशिश की जा रही है।

बोइंग के अंतरिक्षयान में सुनीता विलियम्स के साथ बुच विल्मोर भी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाएंगे। गौरतलब है कि एलन मस्क की स्पेसएक्स के बाद बोइंग दूसरी निजी कंपनी है, जो अंतरिक्ष में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक क्रू को लेकर जाने और वापस लाने में सक्षम होगी। स्पेसएक्स और बोइंग ने अपने-अपने अंतरिक्षयान नासा के साथ मिलकर कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के तहत बनाए हैं।

साल 2019 में बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान को बिना क्रू के स्पेस में भेजा गया था, लेकिन वह मिशन असफल रहा। इसके बाद साल 2022 में दूसरे प्रयास में बोइंग को सफलता मिली, उसी ने अब तीसरी बार क्रू समेत टेस्ट ड्राइव का रास्ता खोल दिया है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर टेस्ट पायलट के तौर पर अंतरिक्षयान में जा रहे हैं।

# यूपी की ई-रिक्शा चालक आरती ने जीता ब्रिटेन का शाही पुरस्कार, किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की

**लंदन।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की आरती ने लंदन में प्रतिष्ठित अमल क्लूनी महिला सशक्तीकरण पुरस्कार जीता है। आरती को लंदन में 'प्रिंस ट्रस्ट' ने यह पुरस्कार दिया गया। बुधवार को उन्होंने बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात की। उन्हें सरकार की 'पिंक ई-रिक्शा' पहल के साथ अपने काम के माध्यम से अन्य युवा लड़कियों को प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया गया।

आरती कहती हैं कि वह अन्य लड़कियों को प्रेरित करने में सक्षम होने पर गर्व करती हैं जो उनकी तरह चुनौतियों का सामना करती हैं। उन्होंने कहा, इस नई आजादी ने मुझे दुनिया को एक अलग रोशनी में देखने का अनुमति दी है। अब मैं न केवल अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम हूं, बल्कि अपनी बेटी के सपनों को भी पूरा करने में सक्षम हूं, जो पांच साल की है। आरती ने अपनी पहली लंदन यात्रा के दौरान बेटी के लिए कुछ केक और एक जोड़ी जूते खरीदे हैं।



किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा, यह अद्भुत अनुभव था। किंग से मिलकर बहुत अच्छा लगा और उन्होंने मरे परिवार को भी अपना नमस्ते भेजा है। मैंने बताया कि मुझे अपना ई-रिक्शा चलाना कितना पसंद है, जो प्रदूषण फैलाने वाले डीजल या पेट्रोल से नहीं चलता है। मैं हर रात अपने घर पर उसे चार्ज करती हूं।

बकिंघम पैलेस में स्वागत समारोह के लिए आरती एक गुलाबी रिक्शा से पहुंची। इसे न केवल परिवहन के एक स्थायी साधन के रूप में प्रदर्शित किया गया, बल्कि एक विचार और अभियान के रूप में दिखाया गया।

आरती के साथ पुरस्कार समारोह में गईं एकेएफ (इंडिया) सीईओ टिन्नी साहनी ने कहा, आरती वास्तव में सभी बाधाओं के खिलाफ साहस, दृढ़ता और मजबूत संकल्प की प्रतीक हैं, जो अपने गांव में महिलाओं के लिए एक रोल मॉडल के रूप में उभरी हैं। हम प्रिंस ट्रस्ट इंटरनेशनल के साथ साझेदारी के लिए उनके आभारी हैं, जिसने हमें युवा महिलाओं को उनके सपनों और उम्मीदों को साकार करने में मदद करने में सक्षम बनाया है।

# विमान में टर्बुलेंस से यात्रियों को दिमाग और रीढ़ में आई चोटें, 20 लोग अब भी आईसीयू में

**सिंगापुर।** लंदन से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में खतरनाक टबुर्लेंस की वजह से कई यात्री गंभीर चोटों का शिकार हुए हैं। बताया गया है कि ज्यादातर घायलों को दिमाग और रीढ़ में चोटें आई हैं। थाईलैंड में विमान की आपात लैंडिंग के बाद जिन यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनमें से कई ने टबुर्लेंस की इस घटना का खौफनाक मंजर बयां किया। इस बीच बैंकॉक हॉस्पिटल के प्रमुख ने बताया कि जिन यात्रियों को अस्पताल लाया गया, उनमें से 20 को आईसीयू में रखा गया है। इनमें कई लोगों को सिर, दिमाग और रीढ़ की चोटें आई हैं।

गौरतलब है कि 20 मई को लंदन (हीथ्रो) से सिंगापुर के लिए उड़ान भरने वाली सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) की उड़ान एसक्यू 321 को प्रस्थान के

## यात्रियों ने बताया टर्बुलेंस का खौफनाक मंजर




लगभग 10 घंटे बाद 37,000 फीट की ऊंचाई पर इरावदी बेसिन पर अचानक गंभीर टबुर्लेंस का सामना करना पड़ा। हादसे में एक 73 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि 104 लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे।

बैंकॉक के समितिवेज श्रीनाकरिन अस्पताल के निदेश ने कहा कि उनका स्टाफ अभी छह लोगों के सिर और दिमाग पर चोट का इलाज कर रहा है। वहीं, 22 लोगों की रीढ़ और 13 लोगों की हड्डियों, मांसपेशियों और अन्य चोटों का इलाज जारी है। उन्होंने कहा कि विमान में टबुर्लेंस की वजह से इस तरह की चोटों का उनके अस्पताल में पहली बार इलाज हो रहा है।

# ब्रिटेन के विश्वविद्यालय से मुंह मोड़ रहे भारतीय छात्र, पिछले वर्ष की तुलना में कम छात्र पहुंचे

**लंदन।** ब्रिटेन के उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रति भारतीय छात्रों का रुझान कम हो रहा है। गृह विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में इस वर्ष समाप्त हुए वित्त वर्ष में भारतीय छात्रों को 1,16,455 प्रायोजित अध्ययन वीजा जारी किए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21,717 कम है। इनमें से 94,149 छात्र मास्टर डिग्री कोर्स के लिए ब्रिटेन पहुंचे और मास्टर स्तर पर यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 21,800 कम है।

ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स (ओएनएस) पर आधारित यूके होम ऑफिस के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2023 तक ब्रिटेन में अध्ययन के लिए भारतीय छात्र आवेदकों में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह 2022 की तुलना में शुद्ध प्रवासन में कुल 10



प्रतिशत की गिरावट को दशार्ता है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को इन आंकड़ों से खासी राहत मिलेगी, क्योंकि 4 जुलाई को होने वाले आम चुनाव के लिए उन्होंने प्रवासन पर अंकुश को प्रमुख मुद्दा बनाया है। हालांकि, छात्र वीजा के आंकड़े उन विश्वविद्यालयों के लिए परेशानी का सबब हैं, जो विदेशी छात्र शुल्क पर निर्भर हैं।

**वीजा प्रतिबंधों से घट रहा रुझान :** ब्रिटेन के प्रति छात्रों के कम होते रुझान का कारण वीजा प्रतिबंध बताया जा रहा है।

इस साल की शुरूआत से छात्रों पर अपने परिवार के आश्रितों, जीवनसाथी या बच्चों को लाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यह कमी ऐसे समय में हो रही है जब विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रवासी समूह सरकार से ग्रेजुएट रूट योजना के तहत पोस्ट रोजगार वीजा प्रस्ताव को सुरक्षित नहीं रखने की पैरवी कर रहे हैं।




# न्यूयॉर्क : सड़क हादसे में भारतीय छात्र की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका से आए दिन किसी न किसी भारतीय की मौत की खबर आती रहती है। अब एक और छात्र की मृत्यु की जानकारी सामने आई है। न्यूयॉर्क में बुधवार को बाइक दुर्घटना में एक भारतीय छात्र की जान चली गई। यह जानकारी भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को दी। बेलेम अच्युत द स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क के छात्र थे। उनकी बुधवार शाम को एक बाइक दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही बताया कि वे छात्र के परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं।

## स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर कहा, 'एसयूएनवाई के एक छात्र बेलेम अच्युत के असामयिक निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए, वाणिज्य दूतावास ने कहा कि वे शव को भारत वापस भेजने सहित सभी सहायता प्रदान करने के लिए परिवार और स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में हैं।'

## इससे पहले अप्रैल में मृत मिला था एक छात्र

यह घटना अमेरिका में भारतीय मूल के छात्रों की मौत की बढ़ती घटनाओं के बीच हुई है। इससे पहले अप्रैल में अमेरिका के ओहायो राज्य में इस साल मार्च से लापता एक भारतीय छात्र मृत पाया गया था। इस घटना पर न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अफसोस जताया था। दूतावास ने कहा था कि मोहम्मद अब्दुल अरफत की मौत की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा था, 'यह जानकर दुख हुआ कि मोहम्मद अब्दुल अरफत, जिनके लिए तलाशी अभियान चल रहा था, ओहियो के क्लीवलैंड में मृत पाए गए। अरफत के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं।'

वहीं, इस साल मई में भी एक ऐसी घटना सामने आई थी। अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत में एक तेज रफ्तार कार के पलट जाने से हुए हादसे में तीन भारतीय मूल के छात्रों की मौत हो गई थी, जबकि दो अन्य घायल हुए थे। ये सभी पांचों छात्र अल्फारेटा हाई स्कूल और जॉर्जिया विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे। मृतकों की पहचान श्रेया अवसारला, अन्वी शर्मा और आर्यन जोशी के रूप में की हुई।

तीनों भारतवंशी एक कार से यात्रा कर रहे थे। घटनास्थल पर मौजूद सबूतों के आधार पर, यह माना जाता है कि चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया था, जिसके बाद कार पेड़ से टकरा गई। कार में सवार आर्यन जोशी और श्रेया अवसारला घटनास्थल पर मृत पाए गए।

# स्पेन में ढहा समुद्र तट पर स्थित रेस्तरां, चार की मौत, 27 घायल

**मैड्रिड।** स्पेन में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक द्वीप पर समुद्र किनारे स्थित रेस्तरां आंशिक रूप में ढह गया। हादसे में करीब चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। बचाव दल मौके पर मुस्तैद है। आशंका है कि अभी भी कई लोग मलबे में दबे हुए हैं।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने एक्स पर घटना को लेकर दुख जताया।



## यह है पूरा मामला

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना स्पेनिश द्वीप मेजरका की है। यहां समुद्र तट पर स्थित रेस्तरां के छत का अधिकांश हिस्सा गिर गया है। बताया जा रहा है कि मेडुसा बीच क्लब तीन मंजिला रेस्तरां था। मेजरका की आपातकालीन सेवा विभाग ने बताया कि चार लोगों की अब तक मौत हुई है। वहीं 27 लोग घायल हैं। बता दें, इससे पहले 21 लोगों के घायल होने की सूचना दी गई थी। मृतक और घायल स्पेन के ही थे या फिर किसी और देश के भी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**मृतकों-घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका :** आपातकालीन सेवा विभाग की मानें तो घटना के बारे में जानकारी मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंच गया है। लोगों को बचाने का काम जोरों से जारी है। बचाव दल ने आशंका जताई है कि शायद अभी भी कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं। घायलों और मृतकों की संख्या अभी बढ़ सकती है।

# इमरान खान के पार्टी कार्यालय पर चला बुलडोजर, भड़के पार्टी अध्यक्ष, बोले- गरिमा को किया अपवित्र

**इस्लामाबाद।** कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय सचिवालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद पार्टी के अतिक्रमण विरोधी अभियान का विरोध इमरान खान पार्टी ने शुरू किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार राजनीतिक पार्टी कार्यालय के गरिमा का उल्लंघन कर रही है।

बृहस्पतिवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए सीडीए की अतिक्रमण विरोधी टीम ने अभियान चलाया। पीटीआई के मुख्यालय के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन के साथ अतिक्रमण विरोधी टीम ने पीटीआई मुख्यालय को सील कर दिया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के केंद्रीय सचिवालय के



एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया है। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने मौजूदा सरकार को खूब खरी-खोटी सुनाई। बता दें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी जेल में हैं। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली ने कहा कि सीडीए के पास इस ऑपरेशन का कोई परमिट नहीं था। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में कोई नोटिस तक नहीं भेजा। उन्होंने कहा कि सरकार ने संसद के बाद सबसे प्रतिष्ठित परिसर होने के बावजूद एक राजनीतिक पार्टी कार्यालय की पवित्रता और नियमों का उल्लंघन किया है।

पीटीआई अध्यक्ष ने दावा किया कि कोई अवैध निर्माण परिसर में नहीं था। लेकिन मान लेते हैं कि कोई अवैध निर्माण था, लेकिन सीडीए को ऑपरेशन से पहले सूचना भेजनी चाहिए।

एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि देर रात पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के केंद्रीय कार्यालय पर हथियारबंद हमला और तोड़फोड़। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी पर जनादेश चोर सरकार ने रात के अंधेरे में किए हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने आगे लिखा कि धमकी, अराजकता और बल के अंधाधुंध इस्तेमाल के आगे न झुकने और सच्ची आजादी के एजेंडे से किसी भी तरह पीछे न हटने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए।

पीटीआई के महासचिव और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब ने आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी पर पार्टी के कार्यालय में अवैध कार्रवाई की साजिश रचने का आरोप लगाया। कहा कि पीटीआई को अनुचित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है।

# पपुआ न्यू गिनी के गांव में भूस्खलन, 100 लोगों की मौत की आशंका











**सिडनी।** पपुआ न्यू गिनी के एक सुदूर गांव में भूस्खलन से कम से कम 100 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के मुताबिक, यहां एंगा प्रांत में काओकालम गांव के पास स्थानीय समयानुसार सुबह करीब तीन बजे आए भूस्खलन से कई घर तबाह हो गए।

राहत-बचाव कर्मी यहां लोगों को निकालने का काम कर रहे हैं। कई शवों को निकाला भी जा चुका है।

ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टर एबीसी ने स्थानीय लोगों के हवाले से इस घटना की जानकारी भी साझा की। काओकालम के एक शख्स ने चैनल को बताया कि लोगों के लिए राहत-बचाव कार्य काफी मुश्किल हो रहे हैं। कई भारी पत्थर, पेड़ और पौधे गिर गए हैं। इससे इमारतों को नुकसान पहुंचा और वह भी ढह गईं।

इसके चलते शवों को खोजने में काफी मुश्किल आ रही है।

एक और महिला एलिजाबेथ लारुमा ने कहा कि पास की पहाड़ी से मिट्टी और पेड़ों के गिरने से कई घर तबाह हो गए। यह उस वक्त हुआ, जब पूरा गांव गहरी नींद में था। उन्होंने कहा कि गांव के 100 से ज्यादा लोग मलबे में दबे हैं।

## शहर के रास्ते बंद होने से लोगों में चिंता

इस भूस्खलन से गांव का पोगेर्रा शहर से संपर्क कट गया है। यह शहर अपनी सोने की खदानों के लिए चर्चित है। लारुमा ने कहा कि सड़कों के बंद होने की वजह से लोगों में आवश्यक जरूरतों की आपूर्ति को लेकर चिंता बैठ गई है, क्योंकि यह भी साफ नहीं है कि यह मलबा कब तक हटेगा और जरूरी चीजें लोगों तक कैसे पहुंचेंगी। उन्होंने पपुआ न्यू गिनी सरकार और एनजीओ से तत्काल सहायता भेजने का आह्वान किया।

# इंटरनेट की चहेती जापानी डॉग कबोसु का 18 वर्ष की उम्र में निधन

**टोक्यो।** इंटरनेट की चहेती जापानी डॉग कबोसु का निधन हो गया है। वायरल मीम डॉग कबोसु की अचानक मौत के बाद सोशल मीडिया पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता है। इंटरनेट पर शीबा इनु नस्ल के डॉग ने तहलका मचा दिया था और कुछ ही समय में मीम आइकन में बदल गया। 18 साल की उम्र में उसकी मौत हो गई।

**अत्सुको सातो ने दी जानकारी :** कबोसु की मालकिन अत्सुको सातो ने एक ब्लॉग पोस्ट में कबोसु के निधन की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, 'मुझे लगा वह सो रही है। मैं उसे सहला रही थी। वह बहुत शांति से गुजर गई।' इसके अलावा, उन्होंने कबोसु को बहुत सारा प्यार देने के लिए लोगों का धन्यवाद दिया।

**रविवार को होगा विदाई कार्यक्रम :** रिपोर्ट के अनुसार, नरिता सिटी के कोत्सु नो मोरी में फ्लॉवर काओरी में



रविवार को दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक कबोसु को विदाई देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## 2010 में हुई थी वायरल

एक जापानी किंडरगार्टन शिक्षक अत्सुको सातो ने 13 फरवरी, 2010 को अपने निजी ब्लॉग पर अपनी डॉग शीबा इनु पपी कबोसु की कई तस्वीरें साझा कीं थीं। इसमें से एक तस्वीर काफी वायरल हो गई थीं, जिसमें कबोसु की एक अजीबोगरीब तस्वीर सोफे पर लेटी हुई और भौंहों को उठाकर कैमरे की ओर देख रही थी।

**लोगों का दिल जीता :** 24 जून, 2005 को होमस्टार रनर के एक कार्यक्रम के दौरान कुत्ते के लिए गलत वर्तनी शब्द का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद कबोसु को 'डोजे' कहा जाने लगा था। कबोसु को वायरल डॉग मीम के पीछे के चेहरे के रूप में जाना जाता है। 18 वर्ष से अधिक उम्र में जापानी कुत्ते कबोसु के आकर्षण ने न केवल लोगों का दिल जीता था। बल्कि 013 में डोजकॉइन नामक क्रिप्टोकरेंसी को भी लॉन्च किया गया तो उसके लोगो को भी कबोसु की तस्वीर से ही बनाया गया था। इसने अन्य डॉग की थीम वाली क्रिप्टोकरेंसी के निर्माण को भी प्रेरित किया। शुरूआत में डिजिटल क्रिप्टोकरेंसी पर दृष्टिकोण के रूप में कल्पना की गई।

# जिला मुख्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने सड़क दुर्घटनाएं रोकने के दिये सख्त निर्देश

## अधिकारियों से 10 दिन में कार्य पूर्ण कराने की टाइम लाइन निश्चित कराई





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सड़क दुर्घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण, अद्यावधिक तुलनात्मक समीक्षा, ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा, परिवर्तन कार्यवाही की समीक्षा, तीन या तीन से अधिक मृत्यु वाली सड़क दुर्घटनाओं की जांच सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने संभावित दुर्घटनास्थलों से 250 मीटर दूरी से पहले सांकेतिक बोर्ड व स्पीड लिमिट लिखने के निर्देश दिए। जेब्रा क्रासिंग, रैलिंग को लेकर सांकेतिक चिन्ह आदि को सही तरीके से दर्शाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संभावित अधिक दुर्घटना वाले क्षेत्रों में रावली रोड मुरादनगर, गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग, मसूरी, वेव सिटी व मोहननगर मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में गत मीटिंग में लिए गए निर्णय व कार्रवाई करने को लेकर अधिकारियों से टाइम लाइन निश्चत कराई। इसके अलावा चिन्हित ब्लैक स्पॉट मणिपाल हास्पिटल, सुंदरदीप कॉलेज, कौशिक ढाबा रसूलपुर सिकरोड़ आदि पर रैलिंग व साइनेज आदि का कार्य पूर्ण कराने को एनएचएआई के अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया। दिल्ली-मेरठ राजमार्ग 117 पर लोक निर्माण विभाग, आरआरटीएस के अधिकारियों को चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर तत्काल समय से कार्य पूर्ण कराने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों में से किसी ने सात दिन व किसी ने दस दिन का समय मांगा। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि दस दिन के भीतर सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाने चाहिए।

बैठक में वीरेन्द्र कुमार डीसीपी यातायात, राजेश श्रीवास डीआईओएस, ओम प्रकाश यादव बीएसए, रामराजा अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, देशराज सिंह अधिशासी अभियंता नगर निगम, डी0के0शर्मा, एनसीआरटीसी के एक्सईएन गौरव मल्होत्रा, आरटीओ मनोज मिश्रा, राघवेन्द्र सिंह, लवकेश कुमार सिंह, एनएचएआई के इंजीनियर अंकुल कुमार, यूपीएसआरटीसी के एआरएम एनके वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे हैं कि जब से किया पंकज भैया ने सपा से अपना पैकअप? तब से वो भगवागढ़ में आकर बिरादरी वालों में तलाश रहे है अपना बैकअप? जब से भगवा हुए हैं तब से वो जा रहे हैं पार्टी के अधिकतर ब्राह्मण चेहरों के पास? लव भैया से तो मुलाकात वाली फोटो ही बाहर आई हैं? सुना है पर्दे के पीछे हो चुकी है अधिकतर बिरादरी वाले ब्रदर्स से मुलाकात?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व मंत्री त्यागी जी उठाते हैं विषय गंभीर? हमने देखा उनकी तरकश से निकलते हैं अधिकतर तीखे तीर? हाल ही में अपनी पोस्ट में उन्होंने उठाये थे एक पूर्व संगठन मंत्री पर सवाल? लिखा था आज वह कहां है, कहां चले गये, क्या कर रहे हैं, कोई जानता ही नहीं? कहने वाले ने कहा मैं इस विषय पर करना चाहता हूं पूर्व मंत्री जी को अपडेट? कोरोना काल में हो गया था उनका स्वर्गवास? शायद इस बात की जानकारी नहीं मंत्री जी को साहब? उन्होंने अपने कार्यकाल में किया था गुटबाजी को समाप्त? दो चेहरों के इर्द गिर्द घूमती थी जब भगवागढ़ की राजनीति? तब उन्होंने संगठन का रूतबा हाफिस किया था साहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे हैं लगातार भगवागढ़ के निर्वाचित पार्षदों का प्रदर्शन है अपने ही निर्वाचित पार्षद के पक्ष में जारी? नगर निगम के प्रदर्शन के तीसरे दिन निर्वाचित पार्षदों के बीच में आगामी क्या रणनीति रहेगी इस पर हुई रायशुमारी? सुना है यहां पर दो नामित चेहरे भी थे मौजूद? इन दोनों को नहीं दिया गया माइक? जबकि त्यागी जी और शर्मा जी का भी है अच्छा खासा वजूद? ये तो निर्वाचित पार्षद के समर्थन में आये थे साहब? क्या बिगड़ जाता अगर दो बोल इनको भी बोलने का मौका मिल जाता जनाब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं था एक मीटिंग में मौजूद? यहां पर मैडम के साथ दिखाई दे रहा था मुझे मैम्बरों का वजूद? मैम्बरों ने मैडम के सामने रखी अपने दिल की बात? कहा जनप्रतिनिधि हमारा दे ही नहीं रहे हैं बिल्कुल भी साथ? इस बात को सुनकर मैडम ने कर दी अपने दिल की बात शेयर? कहा हम हमेशा इस मामले में आपके साथ खड़े हैं? जिनसे आपको शिकायत हैं वो तो हमारे पीछे भी पड़े हैं?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पार्षद को जेल भेजे जाने के बाद हमें लग रहा है समाज के दो भगवा मैम्बरों के बीच में शुरू हो गई है क्रेडिट वॉर? इधर एक मैम्बर आंदोलन को लेकर तरह-तरह की योजना के देते हैं पूरी पहलवानी से विचार? वहीं भगवा चौहान ने भी टॉप गियर लगाने की पेश की हुई है मिसाल? बाल्मिकी पार्क में मीटिंग करके भगवा चौहान ने आंदोलन की भूमिका बनाकर कर दिया रेस में खुद को आगे? देखना अब ये है कि पहलवान अब क्या करते हैं? क्योंकि चौहान चूकते नहीं हैं, हमेशा ऐसे मुद्दों पर रहते है वो आगे?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें थी पूरी उम्मीद कि भगवा पार्षदों के प्रदर्शन के तीसरे दिन हो जायेंगे हमको भगवा जय और भगवा वीरू के दीदार? मगर तीसरे दिन भी दोनों नहीं पिघले? नहीं आये वो इस मामले में निकल कर अपने मौहल्ले से बाहर? देखना अब ये है अब वो कब तो बनाकर रखेंगे इस प्रदर्शन से दूरी? वो आ जाते तो हल हो जाती सारी समस्याऐं? ना जाने इन दूरियों के पीछे है कौन सी मजबूरी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के भगवा पार्षद भाटी जी के साथ हुआ है जो पोलिथीन अभियान चलाने वाले से गंभीर विवाद? सुना है इस विवाद की सुलगती आग को बुझाने का किया था भगवा मैम्बर सौलंकी ने गंभीर प्रयास? सुना है उनके प्रयासों ने नहीं दिखाया है कोई असर? पता चला है अब इस मामले में हो गई है भगवा किंग भाटी की एन्ट्री? देखना अब ये है हमबिरादरी वाले को इंसाफ दिलाने में क्या ये छोड़ेंगे कोई कसर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही जीडीए के अधिकारी से विवाद होने के बाद नदिया पार के जैन साहब ने कर दी हो साफ्ट वाली विज्ञप्ति जारी? मगर सुना है उनका मन अभी भी है काफी भारी? भुलाये से भी नहीं भुला पा रहे हैं वो जीडीए अधिकारी के तीखे शब्द? हम तो चाहते हैं कि जैन साहब इस मामले पर अपने दिमाग पर ज्यादा जोर ना डाले? क्योंकि हरे जख्मों को भरने में लगता है अच्छा खासा वक्त?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने भाजपा के पार्षदों के आंदोलन से दूरी बनाने के लिए दिये थे अपनी पार्टी के पार्षदों को निर्देश? कहा था पूरे देश में चुनाव चल रहे हैं ऐसे में नजर नहीं आने चाहिए पक्ष और विपक्ष के एक साथ फेस? हम देख रहे हैं कि विजय भैया के निदेर्शो का चोटी वाले शर्मा जी ने तो कर लिया है पालन? मगर प्रवीण भैया के अभी भी भगवा वालों को लेकर है मुलायम हालात? प्रदर्शन के तीसरे दिन उनकी मौजूदगी की तस्वीरें पेश कर रही थी इस बात का उदाहरण?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे हैं पार्षदों के धरने में नहीं हो रहा है बजरंगी भैया की भूमिका का एहसास? चर्चा है कि वो भी इस मामले में पूरे जोर शोर से शामिल होते? अगर उनके दिल में नहीं बैठी होती सर, तन और जुदा होने वाली बात? हमें पता चला है कि वो आना चाहते तो है इस प्रदर्शन में मगर उनका दिल इतिहास की इन बातों को देने लगाता है सुनाना? इसलिए नहीं हो रहा प्रदर्शन में बजरंगी भैया का आना-जाना?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# पार्षद की गिरफ्तारी के विरोध में पुलिस मुख्यालय का घेराव करेगा वाल्मीकि समाज





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** नवयुग मार्केट स्थित महर्षि वाल्मीकि पार्क में वाल्मीकि समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस की निंदा करते हुए कहा गया है कि वार्ड नंबर 28 के भाजपा पार्षद और वाल्मीकि समाज के नेता सुधीर वाल्मीकि पर पुलिस द्वारा छेड़छाड़ और लूटपाट का झूठा मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया, जिससे वाल्मीकि समाज अपने आप को अपमानित महसूस कर रहा है। पुलिस द्वारा की गई इस कारवाई के खिलाफ वाल्मीकि समाज के लोगों ने आगामी सोमवार को पुलिस कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिस तरह की पुलिस की कार्रवाई हुई वह पूरी तरह से जातीय व्यवस्था को देखकर की गई थी। पुलिस के एसीपी द्वारा झूठ बोलकर सुधीर को थाने में बुलाया गया और उनके साथ बदसलूकी की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने कहा कि आगामी सोमवार को वाल्मीकि समाज के लोग इकट्ठा होकर पुलिस कार्यालय का घेराव करेंगे और जरूरत पड़ी तो शहर की सफाई व्यवस्था भी ठप करेंगे।

बैठक में उ.प्र. राज्य निगरानी समिति के सदस्य एवं स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ की गाजियाबाद इकाई के महानगर अध्यक्ष प्रवीण गहलोत वाल्मीकि, मनोज कांगड़ा, अमित राष्ट्रवादी, कपिल चौहान, सूरज वाल्मीकि, गौरव वाल्मीकि, राजेंद्र गौड़, प्रवीण गहलोत, लखन चौधरी, दिलीप सिंह, हरीश बेदी, रिंकू वाल्मीकि, मोनू वाल्मीकि, आकाश प्रधान, यशवीर वाल्मीकि, संदीप वाल्मीकि, फौजी तिलक राम, अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार वाल्मीकि व विपिन कुमार सिंह आदि वाल्मीकि समाज के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गंगनहर घाट पर महिला चेंजिंग रूम में लगा था सीसीटीवी कैमरा

## महिला ने कराई रिपोर्ट, शनि मंदिर के महंत की तलाश



**मुरादनगर, करंट क्राइम ।** नगर क्षेत्र स्थित गंगनहर शनि मंदिर घाट परिसर में बने महिला चेंजिंग रूम के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगाने का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने इसकी शिकायत थाने में की है। पुलिस ने मंहत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एक महिला अपनी पुत्री के साथ गत 21 मई को दोपहर तीन बजे के आसपास गंगनहर में स्नान करने के लिए आई थी। बताया जा रहा है कि महिला अपनी पुत्री के साथ एक घंटे से अधिक समय तक नहर में नहाई। नहाने के बाद महिला कपड़े बदलने के लिए शनि मंदिर घाट पर बने महिला चेंजिंग रुम में चली गई। महिला का आरोप है कि जब वह कपड़े बदल रही थी तो उसकी नजर सीसीटीवी कैमरे पर गई। सीसीटीवी कैमरे को चेंजिंग रुम की ओर फोकस कर रखा था। चेंजिंग रूम की हर बात भी कमरे में रिकार्ड हो रही थी। महिला ने जल्द से जल्द अपने कपड़े बदले और यह बात महंत मुकेश गोस्वामी को बताई। महिला का आरोप है कि यह बात बताने पर महंत ने उसके साथ अभद्रता की और पुलिस में शिकायत करने पर देख लेने की धमकी दी। पुलिस ने महंत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम की 663 गाड़ियों में शुरू कराया जीपीएस

## व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत करने के दिये निर्देश





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मॉनिटरिंग सिस्टम को और अधिक मजबूती देने के लिए शहर के पांचों जोन में चल रहे डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में जीपीएस अनिवार्य रूप से लगाने के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने जीपीएस के माध्यम से निगम के वाहनों को ट्रैक करने की पद्धति को और अधिक मजबूत करने के लिए भी कहा है। फिलहाल नगर निगम ने लगभग 663 गाड़ियों में जीपीएस लगाया हुआ है जिसके आधार पर निगम की वर्किंग को और अधिक स्मार्ट बनाया जा रहा है। कार्य कर रहे वाहनों पर नजर रखने के लिए विशेष टीम मॉनिटरिंग के कार्य में लगाई हुई है, रोड स्वीपिंग मशीन पर भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पूरी नजर बनाए हुए हैं। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि समय-समय पर शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए ंबंधित टीम से बैठक की जाती है, इसी क्रम में वीटीएमएसटीम के साथ बैठक की गई। बताया गया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में लगे हुए जीपीएस के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन किस समय किस स्थान पर है आसानी से जानकारी ली जा सकती ह। उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कविनगर जोन अंतर्गत व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है, सड़कों पर धूलमुक्त शहर करने की योजना के क्रम में चल रही रोड स्वीपिंग पर भी स्वास्थ्य विभाग अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश से मॉनिटरिंग के कार्य को प्रबल बनाने के लिए कहा है जिसमें हर जोन के लिए अलग-अलग टीम के द्वारा कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए हैं, बिना जीपीएस के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन, तथा रोड स्वीपिंग वाहन का इस्तेमाल न करने के निर्देश दिए हैं।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने दिया शासन को रजिस्ट्री दफ्तर बदलने का सुझाव

## पुराने शहर में नहीं इतनी जगह, इसे भी कर दिया जाये बापूधाम में शिफ्ट





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव उन शख्सियतों में है जिन्होंने गाजियाबाद शहर का विकास देखा है। उन्होंने पुरानी कचहरी से नई कचहरी बनती देखी है। उन्होंने पुरानी पुलिस लाइन से नया पुलिस कार्यालय बनते देखा है और वो बता रहे हैं कि अगर जीडीए को बापूधाम में स्थानान्तरित किया जा रहा है तो उससे पहले जरूरत गाजियाबाद की पुरानी तहसील को बदलने की है।

हिमांशु लव ने कहा कि यह तहसील अंग्रेजों के जमाने से है। तब गाजियाबाद की आबादी 25 से 30 हजार थी और यहां गिनती के पांच या सात बैनामा लेखकर बैठते थे। पिछले दो दशक में तेजी से आबादी बढ़ी। आबादी का एक बड़ा हिस्सा अन्य राज्यों से, अन्य शहरों से रोजगार की तलाश में गाजियाबाद में आया और फिर यहीं का निवासी हो गया।

रजिस्ट्रार ऑफिस एक के स्थान पर पांच हो गये। आज गाजियाबाद की तहसील में बैनामा लेखक और एडवोकेट मिलाकर 450 से भी अधिक हैं। सबके पास कारें हैं और अगर बस्ते के हिसाब से एक कार जोड़ी जाये तो लगभग 500 कारें हैं।

जो व्यक्ति रजिस्ट्री कराने आते हैं वो भी कार से आते हैं और इसका पूरा दबाव गांधी नगर की सड़के झेल रही हैं। गांधी नगर की कोई सड़क नहीं बचती जिस पर कार ना खड़ी हो। यहां तक सुशिला कॉलेज तक कार खड़ी करते हैं। हिमांशु लव ने सुझाव दिया है कि अब पुरानी तहसील को रजिस्ट्री आफिस को मधुबन बापूधाम में शिफ्ट किया जाये जहां जीडीए का दफ्तर शिफ्ट होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब पुरानी तहसील के बाद इतनी जगह नहीं है कि वह यहां आने वाले ट्रैफिक का दबाव झेल सके।

उन्होंने बताया कि कई बार तो यहां के लोगों को अपनी कार खड़ी करने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। कई बार पार्किंग वाले उनकी रसीद काटते हैं, कई बार मार पिटाई की नौबत आ जाती है।

### पुरानी तहसील की भूमि पर बनाये जाएं सरकारी अफसरों के आवास

करंट क्राइम। हिमांशु लव ने कहा कि गांधी नगर गाजियाबाद की सबसे पहली विकसित कॉलोनी है। यह 1963 में बसाई गई थी। अब इस कॉलोनी के निवासियों को राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुरानी तहसील को यहां से शिफ्ट कर इस भूमि पर सरकारी अफसरों के लिए आवास बना दिये जायें तो यह सदुपयोग होगा। उन्होंने उदाहरण भी दिया कि पुरानी कचहरी यहां से शिफ्ट होने के स्थान पर जुडिशियरी के लिए आवास बने हैं। इसी प्रकार यहां भी आवास बन जायें तो सरकारी जमीन का भी सदउपयोग हो जायेगा और इस क्षेत्र को जाम से भी मुक्ति मिलेगी। ये परेशानी सभी के लिए है। बैनामा लेखक अधिवक्ता और रजिस्ट्री कराने वाले लोग रोजाना इस परेशानी से जूझते हैं।

## बैठक



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय पर शुक्रवार को मतगणना की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में ये तय हुआ कि सभी मंडल अध्यक्ष, पार्षद और संगठन के पदाधिकारियों की ड्यूटी मतगणना से जुड़े विभिन्न दायित्वों में लगायी जायेगी। लगभग 100 चेहरे ऐसे हैं जिन्हें मतगणना से जुड़े कार्य दिये जाएं। इस बैठक में सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, पूर्व मेयर अशु वर्मा, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले, भाजपा नेता अनुज मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष शर्मा, भजन लाल डेंगला मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव गुप्ता एक कारोबारी परिवार के मुखिया हैं, वो हर मौके पर जानते हैं कि स्नेह वर्षा कब और कैसे करनी है। दिवस जब भाई का हो तो फिर राम लखन की जोड़ी का जिक्र करते हुए संजीव गुप्ता ने अपने प्यारे छोटे भाई राजीव गुप्ता पर अपने शब्दों से अपने स्नेह लगाव की वर्षा की। अपनी पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। भाई भाई के प्यार की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।